आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 15 अंक 152- ● जबलपुर ● शनिवार, 3 जुलाई, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● आषाढ़ कृष्ण पक्ष -9 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

पेपर बैग में मिलेगा पानी

हैदराबाद के आईटी विशेषज्ञ सुनीथ और चैतन्य ने प्लास्टिक कचरे से निपटने पानी के लिए पेपर पाउच बनाया है।

15 घंटे और पांच आतंकी ढेर

नई दिल्ली। इस वर्ष की शुरुआत से अभी तक कश्मीर घाटी में सुरक्षाबलों को 66 आतंकियों को मार गिराने में सफलता मिली है। पिछले महीने जून में 11 दहशतगर्द ढेर किए गए थे। सबसे ज्यादा 17 आतंकी अप्रैल के महीने में मारे गए थे। पुलवामा जिले के राजपोरा इलाके में 15 घंटे से अधिक चली मुठभेड़ में आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के पांच दहशतगर्दों को सुरक्षाबलों ने मार गिराया। इनमें जिला कमांडर व एक पाकिस्तानी आतंकी शामिल है। ऑपरेशन में सेना के एक जवान शहीद जबकि दो अन्य घायल हुए हैं। मुठभेड़ स्थल से हथियार भी बरामद किए गए हैं यहां मोबाइल इंटरनेट सेवाएं स्थगित की दी गईं थीं।

जगह-जगह लॉकडाउन खुलते ही बाजारों में उमड़ती भारी भीड़ , कोरोना प्रोटोकॉल की उड़ रही धज्जियां

भारी पड़ेगी लापरवाही, टूटते नियम ला सकते तबाही

नई दिल्ली। दुनियाभर में लाखों लोगों की जान ले चुकी कोरोना महामारी से जंग जीतने में इजरायल स्वयं को कोविड मुक्त घोषित करने वाला दुनिया का पहला ऐसा देश बन चुका है, जहां 70 फीसदी से ज्यादा आबादी का वैक्सीनेशन किए जाने के बाद सरकार द्वारा फेस मास्क लगाने के अनिवार्य नियम को हटा दिया गया है। इसके अलावा केवल दो सप्ताह में ही 90 फीसदी से भी ज्यादा व्यस्क आबादी का वैक्सीनेशन करने वाला भूटान, कड़े निर्णयों की बदौलत न्यूजीलैंड, ज्यादातर आबादी का वैक्सीनेशन होने के कारण चीन तथा पूर्ण रूप से वैक्सीनेशन होने के पश्चात् अमेरिका में भी कई जगह मास्क फ्री हो गई हैं। अमेरिका में तो घोषणा भी की जा चुकी है कि जो लोग पूरी तरह से कोविड वैक्सीन लगवा चुके हैं, उन्हें अब अकेले चलते समय, दौड़ते, लंबी पैदल यात्रा या बाइक चलाते समय बाहर मास्क पहनने की आवश्यकता नहीं है। भारत में अभी करीब एक अरब लोग वैक्सीनेशन से बचे हैं, अब तक करीब 25 करोड़ लोगों को पहली खुराक मिली है जबकि 5 करोड़ के कुछ ज्यादा लोगों को ही दोनों खुराक। वैक्सीन की उपलब्धता में कमी के कारण धीमी गति से हो रहे वैक्सीनेशन से चलते अभी उपरोक्त देशों की भांति कोरोना महामारी से लड़ाई में जीत की घोषणा करने में भारत को लंबा समय लगेगा। ऐसे में समझदारी इसी में है कि कोरोना महामारी से अपनी और अपने परिजनों की सुरक्षा के लिए तमाम एहतियाती कदम उठाए जाएं। भले ही अब दूसरी लहर का प्रकोप बेहद कम हो गया है लेकिन जिस प्रकार कोरोना की दूसरी लहर ने भारत में कहर बरपाया और अगले कुछ महीनों में तीसरी लहर का आना भी तय माना जा रहा है, ऐसे में कोरोना से मौतों को रोकने के लिए स्वास्थ्य ढ़ांचे को तीसरी लहर से निपटने के लिए तैयार करने के साथ-साथ लोगों को भी कोरोना के प्रसार को रोकने के लिए सचेत रहना होगा। जगह-जगह लॉकडाउन खुलते ही बाजारों में उमड़ती भारी भीड़ तथा हर कहीं कोरोना प्रोटोकॉल के टूटते नियमों को देखते हुए कोरोना की अगली लहर को लेकर चिंता बढ़ने लगी है। हाल ही में दिल्ली हाईकोर्ट ने तो इसका स्वतः संज्ञान लेते हुए इन हालात पर गहरी चिंता जताते हुए कहा भी है कि अगर ऐसे ही सब चलता रहा तो कोरोना की तीसरी लहर को बढ़ावा मिलेगा और फिर भगवान ही हमें बचा पाएगा।

लॉक डाउन में लापरवाह हुए लोग, खतरनाक हैं संकेत

केन्द्र सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार के विजय राघवन के अनुसार भारत में कोरोना वायरस के संक्रमण की इतनी भीषण और लंबी दूसरी लहर की तीव्रता का पूर्वानुमान नहीं लगाया जा सका था। उनके मुताबिक ऐसी दूसरी लहर प्रायः पहले की तुलना में छोटी होती है और ऐसी ही दूसरी लहर की उम्मीद थी लेकिन कई छोटी-छोटी चीजों ने मिलकर इसे बड़ा बना दिया।

फटाफट खबरें

मंत्री उषा ठाकुर पर आरोप लगाने वाला वनकर्मी निलंबित

इंदौर। पर्यटन मंत्री एवं महू की विधायक उषा ठाकुर पर वन विभाग के महू सबरेंज कार्यालय से अपने समर्थक की गाड़ी छुड़वाने का आरोप लगाने वाले वनकर्मी आरएस दुबे को वन विभाग ने सस्पेंड कर दिया है। इसका कारण आउट आफ टर्न प्रमोशन के लिए फर्जी दस्तावेज लगाना बताया गया है। इसकी शिकायत अप्रैल में हुई थी। जांच कराने के बाद डीएफओ ने कार्रवाई की है। वहीं वनकर्मी के मुताबिक प्रमोशन पांच सदस्यीय एपीसीसीएफ की कमेटी ने दिया था। मुझे मंत्री के खिलाफ कार्रवाई करने की सजा मिली है। दुबे पर चार प्रकरणों में भी जांच कराई गई है।

वीडियो रिकार्ड कर आर्ट डायरेक्टर राजू ने की आत्महत्या



मुंबई। राजधानी एक्सप्रैस, मान्या द वंडर बॉय जैसी फिल्मों के आर्ट डायरेक्टर राजू (राजेश) साप्ते ने आत्महत्या कर ली है। उन्होंने आत्महत्या करने से पहले एक वीडियो रिकॉर्ड किया था। इस वीडियो में उन्होंने आत्महत्या करने के पीछे की वजह बताई है। इस वीडियो में उन्होंने लेबर यूनियन से जुड़े राकेश मौर्य पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं।

250 कर्मचारियों के अटैचमेंट मामले में आईपीएस शर्मा को चार्जशीट

भोपाल। भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी पुरुषोत्तम शर्मा को 250 अधिकारियों कर्मचारियों के नियम विरुद्ध अटैचमेंट के मामले में चार्जशीट थमा दी गई है। आरोप है कि लोक अभियोजन के डायरेक्टर के पद पर पदस्थ रहते हुए पुरुषोत्तम शर्मा आईपीएस ने 250 अधिकारियों एवं कर्मचारियों के नियम विरुद्ध अटैचमेंट किए थे। श्री शर्मा अपनी पत्नी से विवाद के एक मामले में वीडियो वायरल हो जाने के कारण निलंबित कर दिए गए थे।

विधायकों से ही तय होगा उत्तराखंड का नया सीएम

नई दिल्ली। संवैधानिक कारण से तीरथ सिंह रावत को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा। अब आज शनिवार को शाम विधायक दल की बैठक होगी और नए नेता का चुनाव किया जाएगा। इसके साथ ही संभावित नामों की चर्चा भी शुरू हो गई है। माना जा रहा है कि कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत, कैबिनेट मंत्री बंशीधर भगत, राज्यमंत्री डॉ.धन सिंह रावत, कैबिनेट मंत्री बिशन सिंह चुफाल, पुष्कर सिंह धामी में किसी को जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। इनके अलावा महिला दावेदार के रूप में भाजपा विधायक और पूर्व मुख्यमंत्री बीसी खंडूड़ी की बेटी ऋतु खंडूड़ी और राज्यमंत्री रेखा आर्य के नाम सबसे आगे हैं। त्रिवेंद्र सिंह रावत को दोबारा सत्ता सौंपने की चर्चाए भी तेज हैं। प्रदेश की कमान संभालने के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्री डॉ.रमेश पोखरियाल निशंक और राज्यसभा सांसद अनिल बलूनी को मजबूत दावेदारों के तौर पर देखा जा रहा है। नरेन्द्र सिंह तोमर यहां के पर्यवेक्षक होंगे।

राफेल सौदे में कथित भ्रष्टाचार की जांच के लिए फ्रांस तैयार

नई दिल्ली। फ्रांस के साथ हुए भारत के राफेल सौदे को लेकर फ्रांस की सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। भारत के साथ करीब 59 हजार करोड़ रुपये के राफेल सौदे में कथित भ्रष्टाचार की अब फ्रांस में न्यायिक जांच होगी। इस जांच के लिए एक फ्रांसीसी जज को नियुक्त किया गया है। फ्रांसीसी मीडिया जर्नल मेडियापार्ट की एक रिपोर्ट में इस बात की जानकारी दी गई है। इस रिपोर्ट में कहा गया कि साल 2016 में दोनों देशों के बीच हुई इस डील की अत्यधिक संवेदनशील जांच औपचारिक तौर पर 14 जून से शुरू हो गई थी। बता दें कि फ्रांसीसी वेबसाइट ने अप्रैल 2021 में राफेल सौदे के कथित अनियमितताओं को लेकर कई रिपोर्ट प्रकाशित की थीं। मेडियापार्ट ने दावा किया कि फ्रांस की सार्वजनिक अभियोजन सेवाओं की वित्तीय अपराध शाखा के पूर्व प्रमुख, इलियाने हाउलेट ने सहयोगियों की आपत्ति के बावजूद राफेल सौदे में भ्रष्टाचार के सबूतों की जांच को रोक दिया था। रिपोर्ट में कहा गया कि हाउलेट ने फ्रांस के हितों, संस्थानों के कामकाज को संरक्षित करने के नाम पर जांच को रोकने के अपने फैसले को सही ठहराया था। इसके अलावा मेडियापार्ट की नई रिपोर्ट में कहा गया कि अब पीएनएफ के नए प्रमुख जीन-फ्रेंकोइस बोहर्ट ने जांच के समर्थन का फैसला किया है। रिपोर्ट में बताया गया कि आपराधिक जांच तीन लोगों के आसपास के सवालों की जांच करेगा। इसमें पूर्व राष्ट्रपति फ्रांस्वा ओलांद (सौदे पर हस्ताक्षर किया था), वर्तमान फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन (तत्कालीन वित्त मंत्री) और विदेश मंत्री जीन-यवेस ले ड्रियन, जो उस समय रक्षा विभाग संभाल रहे थे। बता दें कि साल 2016 में भारत सरकार ने फ्रांस से 36 राफेल विमानों का सौदा किया था, जिसके तहत एक दर्जन राफेल विमान भारत को मिल भी गए हैं। जिस समय ये डील हुई थी, उस समय भारत में काफी विवाद हुआ था।

जज की हुई नियुक्ति

भरा देश का खजाना: रिकॉर्ड ऊंचाई पर विदेशी मुद्रा भंडार

नई दिल्ली। 25 जून 2021 को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.066 अरब डॉलर बढ़कर 608.999 अरब डॉलर की रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़े के मुताबिक 18 जून को समाप्त इससे पिछले सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 4.418 अरब डॉलर की कमी के साथ 603.933 अरब डॉलर रह गया था। रिजर्व बैंक के साप्ताहिक आंकड़े के मुताबिक 25 जून को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि की वजह विदेशी मुद्रा संपत्तियों (एफसीए) में हुई बढ़ोतरी है जो समग्र भंडार का एक प्रमुख घटक है। इस दौरान एफसीए 4.7 अरब डॉलर की वृद्धि के साथ 566.24 अरब डॉलर हो गई। डॉलर के लिहाज से बताई जाने वाली विदेशी मुद्रा संपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखी यूरो, पाउंड और येन जैसी दूसरी विदेशी मुद्राओं के मूल्य में वृद्धि या कमी का प्रभाव भी शामिल होता है। आंकड़े के मुताबिक इस दौरान सोने का भंडार 36.5 करोड़ डॉलर की वृद्धि के साथ 36.296 अरब डॉलर हो गया। वहीं, अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष के पास मौजूद विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 1.498 अरब डॉलर पर कोई बदलाव नहीं हुआ।

सीएम शिवराज ने किया 55 गोदामों का लोकार्पण, 114 गोदामों का शिलान्यास

नई दिल्ली।

सीएम शिवराज सिंह चौहान ने सहकारिता दिवस के अवसर पर सीएम ने सहकारिता के माध्यम से बेहतर पुननिर्माण कार्यक्रम का शुभारंभ किया, इस दौरान उनके साथ सहकारिता और लोकसेवा प्रबंधन मंत्री डाक्टर अरविंद सिंह भदौरिया भी मौजूद रहे। सीएम ने 55 गोदामों का लोकार्पण और 114 गोदाम बनाने का शिलान्यास किया। इसके बाद वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सीएम शिवराज ने सहकारी समितियों के सदस्यों और किसानों से संवाद किया। सीएम संवाद करते हुए इंदौर के रामनारायण ने बताया हमारी संस्था आलू का संग्रह करती है। कोल्ड स्टोरेज की व्यवस्था है। अधिकारियों का पूरा सहयोग सतत मिलता रहता है। विदिशा से मुकेश कुमार शर्मा ने बताया, आत्म निर्भर भारत योजना अंतर्गत संस्था को एक करोड़ 44 लाख का लोन मिला है। इसका काम 6 माह में पूरा कर लेंगे। मंत्री अरविंद भदौरिया ने कहा कि सहकारिता के तत्व हमारी गरिमामय संस्कृति में बिखरे हुए हैं। सहकारिता हमारे देश की आत्मा में है। आत्म निर्भर मध्य प्रदेश का जो सपना संजोया है। इस दृष्टि से क्या बेहतर प्रयास हो सकते हैं। मध्य प्रदेश प्रकृति, पर्यावरण, पर्यटन की दृष्टि से बहुत ही महत्वपूर्ण है। पर्यटन के क्षेत्र में सहकारिता के माध्यम से रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने प्रयास किए जा रहे हैं।

सीएम के विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस नेता ने कर दिया पुल का उद्घाटन

बुदनी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की बुदनी विधानसभा क्षेत्र में पुल का उद्घाटन पूर्व मंत्री व कांग्रेस नेता ने करके नए विवाद को जन्म दे दिया। सज्जन सिंह वर्मा पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। दरअसल, दो दिन पहले नसरूल्लागंज इलाके में सीप नदी पर बने पुल का उद्घाटन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को करना था, लेकिन कांग्रेस नेता व पूर्व पीडब्लूडी मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने काट दिया है। वर्मा ने कहा कि मेरे ऊपर एक नहीं 10 एफआईआर कर देना, लेकिन हमारे जनहित के काम रुकने वाले नहीं हैं। बुदनी विधानसभा क्षेत्र के लोग हजारों की तादाद में जमा होकर इसका मुंहतोड़ जवाब देंगे।

बिहार से उज्जैन जा रहे भाजपा नेताओं की कार ट्रैक्टर से टकराई, दो की मौत

दमोह। दमोह के हिंडोरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत बांदकपुर चौकी के समीप ग्राम घाट पिपरिया लालघाटी के बीच बिहार से आ रही भाजपा नेताओं की कार की टक्कर ट्रैक्टर से हो गई। जिससे कार में सवार करीब 6 लोग बुरी तरह घायल हो गए। ट्रैक्टर सवार भी घायल हो गए। घायलों की चींख पुकार सुनते ही लोगों की भीड़ जमा हो गई और घायलों को तत्काल इलाज के जिला अस्पताल लाया गया। दोनों ही वाहनों के सवारों को मिलाकर 10 लोग घायल हुए। इसमें से दो घायलों को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया और बाकी घायलों को जबलपुर रेफर किया गया। जिसमें बिहार के किसान मोर्चा के भाजपा नेता गुड्डू पिता मोगा लाल शाह 32 निवासी बेगमपुर बिहार की मौत हो गई। तो वहीं आकाश सिंह पिता स्व उधम सिंह 30 निवासी आरा वार्ड 45 बिहार, ओंकार 35 , बाला यादव, कुंदन कुमार, अमावस राम की हालत गंभीर होने पर डॉक्टर मनीष पलंदी ने इलाज के लिए जबलपुर रेफर कर दिया। घटना देररात की बताई जा रही है।

यूपी में जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए मतदान

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के 53 जिलों में जिला पंचायत अध्यक्ष का बहुप्रतिक्षित चुनाव आज हो रहा है। 45 जिलों में भाजपा का सपा से सीधा मुकाबला है। वहीं दोनों प्रमुख दल 4 जिलों में त्रिकोणीय और 3 जिलों में चतुष्कोणीय मुकाबले के बीच फंसे हुए हैं। वहीं, कुल 75 में से 21 जिलों में भाजपा और एक में सपा के उम्मीदवार नामांकन वापसी के अंतिम दिन ही निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं। बचे हुए 53 जिलों में आज 11 बजे से चुनाव हो रहे हैं, जिसके बाद दोपहर तीन बजे से मतगणना कर परिणाम घोषित किए जाएंगे।

जज ने ग्रामीणों के सामने लगवाई वैक्सीन

नीमच। कोविड वैक्सीन को लेकर भ्रम की बात सामने आ रही हैं, लेकिन इस भ्रम को खत्म करने के लिए भी कुछ लोगों ने बीड़ा उठा लिया है। नीमच जिले के चेनपुरा गांव में जज सुषमा त्रिपाठी ने ग्रामीणों का भ्रम दूर करने के लिए उनके सामने वैक्सीन लगवाई, इसके बाद गांव वाले इसे लगवाने को राजी हो गए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीमच में यह खबर पहुंची थी कि ग्राम चेनपुरा के ग्रामीण कोविड वैक्सीन लगवाने के लिए तैयार नहीं हैं। इस पर जज महेश त्रिपाठी और जज सुषमा त्रिपाठी स्वास्थ्य अमले के साथ चेनपुरा पहुंचे और कुछ युवाओं और उम्र दराज लोगों से बात कर उन्हें वैक्सीन लगवाने के लिए जागरुक किया। इस दौरान जज सुषमा त्रिपाठी के सामने एक महिला ने कहा कि मैं वैक्सीन नहीं लगवाऊंगी, मैं मर जाऊंगी बीमार हो जाऊंगी, महिला बोली वैक्सीन लगाने से लोग मर रहे हैं। ऐसे ही ग्राम के नारायण बोले अरे साहब मर जाएंगे इसलिए वैक्सीन नहीं लगवाएंगे। उनकी इस बातों को सुन जज चौक गईं और उन्होंने कहा कि देखिए मैं आपके सामने ही वैक्सीन लगवाऊंगी तो आप भी लगवा लोगे, तो फिर ग्रामीण इस पर तैयार हो गए। फिर जज सुषमा त्रिपाठी ने ग्रामीणों के सामने ही वैक्सील गवाया, जिसके बाद ग्रामीणों का भ्रम दूर हुआ और उन्होंने भी इसे लगवाया।

करण कार्यक्रम
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नीमच

खुदरा-थोक व्यापारियों को MSME का दर्जा, पीएम ने बताया ऐतिहासिक

नई दिल्ली। मप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुदरा और थोक व्यापार को सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उपक्रमों (एमएसएमई) के दायरे में लाने के निर्णय को ऐतिहासिक कदम बताया है। साथ ही उन्होंने कहा है कि उनकी सरकार इस समुदाय को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। खुदरा एवं थोक व्यापार को एमएसएमई के तहत लाने के फैसले के कारण खुदरा और थोक व्यापारियों को भी बैंकों तथा वित्तीय संस्थानों से प्राथमिकता प्राप्त श्रेणी में ऋण उपलब्ध हो सकेगा। केंद्रीय एमएसएमई मंत्री नितिन गडकरी ने खुदरा और थोक व्यापार को एमएसएमई के तहत लाने की घोषणा की थी। इससे ये क्षेत्र रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुरूप बैंकों की प्राथमिकता प्राप्त श्रेणी के तहत ऋण का लाभ उठा सकेंगे।

रोचक तथ्यों के साथ 12 जुलाई से शुरू होगी जगन्नाथ रथ यात्रा

धर्म डेस्क। हिन्दू पंचांग के अनुसार प्रतिवर्ष उड़ीसा में आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीय तिथि को यानी इस वर्ष 12 जुलाई से शुरू हो रही जगन्नाथ रथ यात्रा का समापन 20 जुलाई को होगा। हिन्दू धर्म में ये बेहद ही पवित्र त्योहार माना जाता है इसलिए हर साल जगन्नाथ रथ यात्रा का भव्य आयोजन किया जाता है। कहते हैं कि इस यात्रा के माध्यम से भगवान जगन्नाथ साल में एक बार प्रसिध्द गुंडिचा माता के मंदिर में जाते हैं। इस दौरान भगवान को ज्येष्ठ माह की पूर्णिमा के दिन 108 पानी के घड़ों से स्नान कराया जाता है, और जिस कुंए से पानी निकाला जाता है उस कुंए को दोबारा ढंक दिया जाता है अर्थात् वह कुंआ साल में सिर्फ एक ही बार खोला जाता है।

भगवान की प्रतिमा का निर्माण

जगन्नाथ पुरी की रथ यात्रा देश ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में विख्यात है। हर साल भगवान जगन्नाथ सहित बलभ्रद और सुभद्रा की प्रतिमाएं नीम की लकड़ी से बनाई जाती हैं, इस साल भी ये प्रतिमाएं नीम की लकड़ी से बनाई जाएंगी। इस दौरान रंगों का भी विशेष ध्यान दिया जाता है। भगवान जगन्नाथ जी का रंग सांवला होने के कारण नीम की उसी लकड़ी का इस्तेमाल किया जाता है जो सांवले रंग में छिप जाए। वहीं दूसरी ओर भगवान जगन्नाथ के भाई-बहन का रंग गोरा होता है इसलिए उनकी मूर्तियों को हल्के रंग की नीम की लकड़ी का प्रयोग कर उन्हे बनाया जाता है।

खास तरह से होता है रथ का निर्माण

पुरी में जब रथ यात्रा निकाली जाती है तो समस्त भक्तों की नजरें उस रथ पर टिकी होती हैं और सभी इस दौरान भगवान से आशीष प्राप्त करते हैं। इन तीनों रथों का निर्माण एक खास तरह से किया जाता है। इनका आकार अलग-अलग होता है। ये रथ नारियल की लकड़ी से बनाए जाते हैं। भगवान जगन्नाथ का रथ अन्य रथों की तुलना में बड़ा होता है और इसका रंग लाल पीला होता है। रथ यात्रा के दौरान सबसे पहले सुभद्रा का रथ होता है उसके बाद बलभद्र का और फिर अंत में भगवान जगन्नाथ का रथ होता है। हर साल पुरी में आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीय तिथि को जगन्नाथ रथ यात्रा निकाली जाती है। भगवान जगन्नाथ के रथ को नंदीघोष कहते हैं जिसकी ऊंचाई 45.6 फुट होती है। इसके बाद बलराम का रथ आता है जिसका नाम ताल ध्वज होता है इसकी ऊंचाई 45 फुट होती है। वहीं सुभद्रा का दर्पदलन रथ 44.6 फुट ऊंचा होता है। अक्षय तृतीया से नए रथों का निर्माण आरंभ हो जाता है। बता दें कि हर साल नए रथों का निर्माण होता है। खास बात तो यह है कि इन रथों को बनाने में किसी भी प्रकार की कील या अन्य किसी धातु का प्रयोग नहीं होता है।

ईगल बैटरी
डीलर-एक्साइड बैटरी
सभी गाड़ियों की बैटरी
पत्रकार भवन के सामने, बल्देवबाग
जबलपुर, फोन-9826115492, 9200792000
EXIDE
MICROTEK
TECHNOLOGY WE LIVE
EXIDE Xtreme

कर्ज में लद गए कर्मचारी, कंपनी ने भी दुत्कार कर भगाया

मनेरी की पीएसएल फेक्टरी में दो साल से लेबरों को वेतन नहीं

***जबलपुर, यशभारत।** जबलपुर सीमा से लगे हुए मनेरी पीएसएल फेक्टरी प्लांट में वर्करों ने उस वक्त जमकर हंगामा मचाया जब उन्हें फेक्टरी प्रबंधन ने वेतन देने से साफ इंकार कर दिया। फेक्टरी में काम करने वाले वर्करों का कहना था कि दो साल से पगार नहीं मिल रही है, जबकि काम नियमित रूप से कर रहे हैं। वर्करों का कहना था कि फेक्टरी के वेतन आस में हजारों रूपयों का कर्जा हो गया है अब प्रबंधन कह रहा है कि वेतन नहीं देगा।*

वर्करों के विरोध प्रदर्शन के बाद फेक्टरी प्रबंधन ने उन्हें चेतावनी दी है कि कल से किसी को भी फेक्टरी अंदर आने नहीं मिलेगा।

जान जोखिम में डाल चुकें है फेक्टरी के लिए

वर्कर रत्नेश कुमार, ओमप्रकाश लोधी, इंद्र कुमार झारिया, सोनू बर्मन, नारायण परस्ते आदि ने बताया कि पीएसएल फेक्टरी की तरक्की के लिए जी जान से मेहनत की। बहुत से कर्मचारी ऐसे हैं जिन्होंने जान हथेली पर रखकर काम किया कई दुर्घटनाएं से बचे है। हादसों मे हाथ की ऊंगली सहित पैर गवां चुकें वर्करों का कहना था कि फेक्टरी प्रबंधन के लिए काम कोई महत्व नहीं है। इसलिए दो सालों से वेतन नहीं मिल रहा है।

कर्मचारियों ने गेट पर खडे होकर किया प्रदर्शन, विरोध करने वालों को चेतावनी कल से फेक्टरी में घुसने नहीं मिलेगा

नहीं करना चाहते हैं काम, वेतन दे दो

फेक्टरी के वर्कर रामजी यादव, राकेश कुमार, अरविंद तिवारी, दीपचंद पटेल आदि ने बताया कि ऐसी फेक्टरी में काम ही नहीं करना जहां वेतन नहीं दिया जाता है। फेक्टरी गेट के बाहर विरोध कर रहे वर्करों का दो टूक कहना था कि हमे काम नहीं करना है सिर्फ उनका वेतन मिल जाए। दो साल का वेतन नहीं मिला वह एक मुश्त फेक्टरी प्रबंधन कर दें वह कल से काम में आना बंद कर देंगे।

फेक्टरी में नहीं आता कोई जिम्मेदार

आक्रोशित फेक्टरी के कर्मचारियों ने बताया कि फेक्टरी बंद होने की कगार पर है। नतीजा ऐसा है कि फेक्टरी में कोई भी बडा जिम्मेदार अधिकारी नहीं आता है। फैक्टरी में सिर्फ सुरक्षा कर्मी मौजूद रहते हैं अब वर्करों का कहना है कि वह अपने वेतन के लिए किससे बात करें।

आत्महत्या के सिवाय दूसरा रास्ता नहीं

वर्करों का कहना था कि फेक्टरी के वेतन के चक्कर में कर्ज में लद गए हैं। किराना दुकान से लेकर जेब खर्च चलाने के लिए साहूकारों से ब्याज में पैसा लिया है। लेकिन अब वह साहूकार परेशान कर रहे हैं, फैक्टरी प्रबंधन जल्द ही कर्मचारियों का वेतन नहीं करेगा सभी आत्महत्या करने मजबूर होंगे।

गुड... जबलपुर पुलिस

और बजने लगी भरी बैठक में तालियां

एनएचएम टीकाकरण डायरेक्टर ने पुलिस विभाग में वैक्सीनेशन शत-प्रतिशत होने पर की सराहना

जबलपुर, यशभारत। जिले में वैक्सीनेशन की समीक्षा करने आए एनएचएम टीकाकरण डायरेक्टर संतोष शुक्ला ने जब जबलपुर पुलिस के वैक्सीनेशन आंकडों को देखा तो हैरत में पड गए। फुल वैक्सीनेशन वाले थानों सहित अन्य जानकारी मांगे जाने पर जब पुलिस विभाग की ओर से प्रतिनिधि के तौर पर पहुंच रक्षित निरीक्षक ने डाटा उनके सामने पेश किया तो उन्हें स्पष्ट हो गया कि किस मुस्तैदी के साथ पुलिस अधिकारियों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जी-तो? मेहनत की है। पुलिस कप्तान सिद्धार्थ बहुगुणा के निर्देशन में काम कर रही अधिकारी/कर्मचारियों के टीम की वर्किंग के लिए मौके पर तालियां भी बजाकर उत्साहवर्धन किया गया। साथ ही एक के बाद एक कर रक्षित निरीक्षक सौरभ तिवारी से वैक्सीनेशन के इस चुनौती भरे काम को पूरा करने के लिए अपनाई गई रणनीति को नोट किया गया। इसके बाद उन्होंने स्वास्थ्य विभाग सहित महिला बाल विकास, जिला शिक्षा विभाग, नगर निगम, जिला पंचायत के अधिकारियों को कहा कि पुलिस विभाग की तरह वर्किंग करें तो हम अपने वैक्सीनेशन के लक्ष्य को आसानी से पूरा कर सकते हैं। उन्होंने आदेशित किया कि पुलिस विभाग के प्लान पर ही काम करें। एनालिसिस अधिकारी को नियुक्त करें डेली रिपोर्टिंग व समीक्षा के लिए उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारियों को आदेशित किया कि वे एनालिसिस अधिकारी को नियुक्त करें, जो डेली रिपोर्ट की समीक्षा करें व कमियों को पूरा करने के लिए उपाए बताएं।

पुलिस के 13 थाना में 100प्रश वैक्सीनेटेड

कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए टीका की शुरूआत आईजी भगवत सिंह चौहान एवं एसपी सिद्धार्थ बहुगुणा ने स्वयं लगवाकर की थी। बल को प्रतिदिन टीका के ब्रीफ किया जा रहा था। टीकाकरण महाअभियान में पुलिस के 40 थाना में से 13 जैसे ओमती थाना, बेलबाग, रांझी, घमापुर, गोरखपुर, माढोताल, भेडाघाट, चरगवां, बरेला, तिलवारा, मझौली, गोसलपुर एवं मझगवां थाना का संपूर्ण बल 18+ परिजनों के साथ वैक्सीन ले चुका है।

बच्चों का नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

जबलपुर। सक्षम पालीक्लीनिक एण्ड डे केयर व हम हैं न फाउण्डेशन के संयुक्त तत्वावधान में 1 जुलाई को सुबह 10ः30 बजे से दोपहर 1 बजे तक कृपाल चौक गुप्तेश्वर रोड़ पर निःशुल्क शिशु स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वरिष्ठ बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञ एमबीबीएस, एमडी, डॉ मंजुलता अग्रवाल के द्वारा बच्चों आवश्यक जांच कर परामर्श दिया। डॉक्टर अंजुलता अग्रवाल ने बताया कि शिविर के दौरान ऐसे बच्चे उपचार करवाने आएं जिनका वजन नहीं बढ़ रहा है, जो बच्चे खाना नहीं खाते हैं, जो बच्चे समय पर बैठ या चल नहीं पाते हैं, दांत निकलते वक्त बच्चों में समस्याएं, बच्चों को पेट में दर्द व मिट्टी खाना, जो बच्चे हाईपरएक्टिव हैं, काटते या चिड़चिड़ाते हैं, जो बच्चे रात में बिस्तर में पेशाब करते हैं, इसके अलावा जो बच्चे रोते-रोते सांस रोक लेते हैं उनका भी उपचार किया निःशुल्क शिविर के दौरान किया गया। शिविर का आयोजन कोरोना प्रोटोकाल का पालन करते हुए किया गया। इस दौरान हम हैं न फाउंडेशन के सदस्यों सहित डॉ सुनील चंद्रोल का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।

मंहगाई यहां भी

छाते-रेनकोट और प्लास्टिक कवर के दाम 15-20 फीसद बढ़े, लोग परेशान

जबलपुर, यशभारत। बारिश का मौसम शुरू होते ही छाते, रेनकोट, प्लास्टिक कवर की मांग बढ जाती है। शहर में इसका लाखों रुपये का कारोबार हर साल होता है। बाजार में इनकी दुकानें सज गई हैं। इस बार उक्त सामग्री के दाम 15-20 फीसद तक बढ गए हैं। कोरोना के चलते लगे लंबे लाकडाउन को इसका मुख्य कारण माना जा रहा है।व्यापारियों के अनुसार छोटे रंगीन छातों के दाम साधारणतः 150 से 250 रुपये तक हैं। रेनकोट पन्नी वाला 200 से 250 रुपये, उधा क्वालिटी का रेनकोट 1500 से तीन हजार रुपये में बिक रहा है। बारिश के दिनों में चमडे के जूते और चप्पल खराब होने का खतरा रहता है। इसके चलते लोग प्लास्टिक या वाटरप्रूफ जूते और चप्पल पहनना पसंद करते हैं। इस समय बाजार में इन सभी के दाम 150 से 300 रुपये प्रति जोडी तक हैं। उधर, कवेलू वाले मकान और झोपडियों में रहने वाले लोगों को बारिश से बचाव के लिए प्लास्टिक कवर की आवश्यकता रहती है। प्लास्टिक कवर का इस्तेमाल दोपहिया, चारपहिया वाहनों को ढंकने के अलावा चाय-पान की दुकान तथा हाथठेले वाले भी बारिश से बचाव के लिए करते हैं। इस बार प्लास्टिक कवर के भी दाम बढ गए हैं। शहर के मुख्य मार्केट में स्थायी दुकानों के अलावा सडक किनारे कई अस्थायी दुकान वाले भी बिक्री कर रहे हैं।

बादलों की बेरुखी ने खींची चिंता की लकीरें

जून के पहले सप्ताह में ही बारिश को देखते हुए रेनकोट और छाते का व्यापारियों ने स्टाक कर लिया है। शुरूआत में तो अच्छी बारिश हुई लेकिन फिर मौसम की बेरुखी ने दुकानदारों के चेहरे पर चिंता की लकीरें खीच दी हैं। दाम में बढोतरी से भी दुकानों में ग्राहकों की संख्या इस बार कम नजर आ रही है।

अधारताल में खोला जाए केंद्रीय विद्यालय

जबलपुर यशभारत। भारतीय वरिष्ठ नागरिक एसोसिएशन के अध्यक्ष आर एस तिवारी ने कहा कि जबलपुर के उप नगरों में अधारताल क्षेत्र बहुत बड़ा एरिया है।यहां पर आधा सैकड़ा कॉलोनी है और आसपास में लगभग 2 दर्जन ग्राम पंचायतें हैं। कायदे से यहां पर केन्द्रीय विद्यालय होना चाहिये।ताकि क्षेत्रवासियों के बच्चों को को सस्ती और गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा उपलब्ध हो लेकिन आज तक अधारताल में केंद्रीय विद्यालय नहीं हैऔर न ही इसका कोई प्रस्ताव अब तक किसी जन प्रतिनिधि ने सरकार तक नहीं पहुंचाया है। श्री तिवारी ने कहा कि अधारताल में 70त्न से अधिक केंद्रीय एवं राज्य के कार्य एवं सेवा निर्मित कर्मचारी के अलावा आम नागरिक निवास करते हैं। अधारताल क्षेत्र एवं ग्राम पंचायतों में लगभग 500000 के करीब निवासी रहते हैं। जबकि दूसरी तरफ रांझी एवं सुरक्षा संस्थानों के क्षेत्र में एवं ग?ा उपनगर में केंद्रीय विद्यालय है। अधारताल में केंद्रीय विद्यालय ना होने से प्राइवेट स्कूलों के द्वारा मनमानी फीस वसूली जाती है। जिसके कारण अभिभावकों पर आर्थिक बोझ पड़ता है।भारतीय वरिष्ठ नागरिक एसोसिएशन अध्यक्ष आर एस तिवारी डीके सिंह हरजीवन विश्वकर्मा आरबी शाह टीके राय घटक आरआर दुबे एमपी सिंह अब्दुल रहमान ने शीघ्र ही अधारताल में केंद्रीय विद्यालय खोले जाने की मांग की है। इस संबंध में एक ज्ञापन सांसद राकेश सिंह को भी देने का निर्णय लिया गया है।

ई चालान व्यवस्था ठप

सैकडों ई चालान बकाया, नहीं हुआ भुगतान

जबलपुर, यशभारत। शहर के चौराहों में लगे कैमरों में नियम तोडने वालों का ई चालान की व्यवस्था पूरी तरह से ठप हो गई है। कैमरों के माध्यम से जो चालान हुए उन्हें नियम तोडने वाले वाहन चालक के पते पर भिजवाया गया। लेकिन इसमें से सैकडों चालान ऐसे हैं, जिसे जमा हीं नहीं किया गया।

अब भी हाथ से कट रहे चालान

चौराहों पर कैमरे लगाए जाने के पीछे उद्देश्य था कि चालान के लिए आधुनिक तरीका अपनाया जाए, वहीं पुलिस कर्मियों को सडकों में खड़े होकर चालान नहीं करना पडेगा और वहीं इसमें बचे समय में पुलिस कर्मी दूसरे कार्य कर सकेगा, जिससे उस पर काम का अधिक भार नहीं होगा। लेकिन हालात पहले जैसे ही हो गए, पूर्व में तो ई चालान व्यवस्था बहुत अच्छी चली, लेकिन अब पूरी तरह से बंद होने की कगार पर है। पुलिस अब भी सडकों में ही खडे होकर चालान कर रही है।

कोर्ट से भिजवाए गए नोटिस

जिन लोगों ने चालान जमा नहीं किए उनकी लिस्ट तैयार की गई थी। इसमें ऐसे लोग भी शामिल थे, जिन्होंने बार-बार नियमों का उल्लंघन किया। उन सभी को कोर्ट का नोटिस भी भेजा गया, एक बार जवाब मिलने पर दूसरी बार भी नोटिस भेजकर सख्त कार्रवाई करने के लिए कहा था। इस डर से कुछ लोगों ने चालान जमा किए थे, लेकिन कुछ ही दिन बाद व्यवस्था जस की तस हो गई।

खमरिया के धरने में पहुंचे सीओडी के नेता

जबलपुर यशभारत। खमरिया फैक्ट्री में निगमीकरण के खिलाफ जारी धरने के 15 वें दिन डिपो कामगार यूनियन सीओडी के अध्यक्ष महामंत्री सहित सभी सदस्य धरने में बैठकर धरने को समर्थन प्रदान किया। डिपो कामगार यूनियन सीओडी के अध्यक्ष राजू रजक महासचिव पीके तिवारी, नारायण प्रसाद, नरेंद्र विश्वकर्मा, सुधीर उपाध्याय सहित अन्य सदस्यों ने पूरे दिन उपस्थित रहे। ए आई डी ई एफ के संगठन मंत्री रामप्रवेश ओ एफ के लेबर यूनियन के महामंत्री अर्नब दास गुप्ता वरिष्ठ नेता शरद अलवाल ने माला पहनाकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर सी ओ डी डिपो कामगार यूनियन के महामंत्री पी के तिवारी ने कहा कि मजदूर मजदूर भाई भाई का नारा ऐसे ही नहीं बुलंद किया जाता है।जब भी किसी पर संकट आता है हम सब एक हो जाते हैं।धरने में आकर हमने सरकार को यही संदेश देने की कोशिश की है।

15दिन से जारी धरने का आज होगा समापन

पीएफ की राशि निकालने वाला शिक्षा विभाग का बाबू निलंबित

जबलपुर। पीएफ की राशि आहरित करने के मामले में शिक्षा विभाग के बाबू को जांच के बाद संयुक्त संचालक ने निलंबित कर दिया गया है। बताया जाता है बीईओ मझौली एवं शिकायतकर्ता जीपी झारिया ने विभाग को शिकायत की थी कि सुनील श्रीवास्तव सहायक ग्रेड-दो बीईओ कार्यालय मझौली में पदस्थ है, जिसके द्वारा उनके सामान्य भविष्य निधि खाता से बिना कोई सूचना अथवा आवेदन दिए ही 90 हजार रुपये का अग्रिम आहरित किया गया।

यश भारत की पहल पर कुंडम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बंद पड़ी एक्स रे मशीन चालू

कुंडम। विगत दिनों सांसद राकेश सिंह जी सांसद निधि से 30 बिस्तर का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुंडम में डिजिटल एक्स रे मशीन प्रदान की थी जिसे तकनीकी व्यवस्था के कारण 2 महीने से बंद डिजिटल एक्स रे मशीन को देश का नंबर वन सांध्य दैनिक यश भारत में समाचार प्रकाशित करने के बाद बीएमओ कुंडम तत्काल आनन-फानन में x-ray मशीन को चालू करवाया गया जिससे ग्रामीण क्षेत्र में हर्ष का विषय बना हुआ है कुंडम आदिवासी ग्रामीण क्षेत्र में सांसद निधि से सांसद राकेश सिंह जी ने यह बहुत बड़ी सौगात दी थी डिजिटल एक्स-रे मशीन ग्रामीण क्षेत्र कुंडम का मरीज एक्स-रे के लिए जबलपुर जाया करता था जिसे सांसद ने 30 बिस्तर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुंडम में एक्स रे मशीन प्रदान करके ग्रामीण क्षेत्र के ग्रामीण जनों को बहुत बड़ी सौगात दी।

पीड़ित मानवता की सेवा और जनसेवा के लिए समर्पित थे बाबूजी : विधायक विनय सक्सेना

जबलपुर। पीड़ित मानवता की सेवा और जनसेवा के लिए समर्पित थे बाबूजी उन्होंने जबलपुर जेल में रहकर स्वतंत्रता आंदोलन को नयी दिशा दी। पीड़ति मानवता जनसेवा के इस कार्य को उनके परिजन व लोकमत पत्र समुह आगे बढ़ा रहा है। उक्ताशय ये विचार उत्तर मध्य विधानसभा क्षेत्र के विधायक विनय सक्सेना ने स्वतंत्रता सेनानी जवाहरलाल दर्डा जी की जयंती के अवसर में विक्टोरिया चिकित्सालय में आयोजित पुष्पांजलि कार्यक्रम में व्यक्त किये। इस मौके पर उन्होंने विक्टोरिया चिकित्सालय में तीन मंजिला का रैम्प बनाने की स्वीकृती दी साथ ही बच्चों के लिए एक आईसीयू भवन बनाने की सहमति लोकमत समूह द्वारा दी गई है। इस अवसर पर श्रमजीवी पत्रकार परिषद के प्रदेश महामंत्री गंगाचरण मिश्रा ने पुष्पाजंलि अर्पित करते हुएकहा कि स्वतंत्रता संग्राम दौरान बाबूजी को जबलपुर को 19 माह जबलपुर जेल में रखा गया था। जबलपुर में रहकर बाबूजी ने इस स्वंतत्रता के महासंग्राम को नयी दिशा दी, बाबजी पत्रकारिता के पितृपुरुष भी थे, उन्होंने लोकमत समाचार पत्र शुरू किया जो आज जनमानस की आवाज़ बन गया है। कार्यक्रम के प्रारंभ में आईसीयू भवन के बाहर स्थापित बाबूजी की प्रतिमा पर माल्यापर्ण पुष्पांजलि विधायक विनय सक्सेना, कॉग्रेस नेता कदीर सोनी, सीएमएचओ डॉ रत्नेश कुरारिया, सिविल सर्जन डॉ चन्द्रभूषण अरोरा, आरएमओ डॉ पंकज ग्रोवर, डॉ धीरज दावंड़, श्रमजीवी पत्रकार परिषद के प्रदेश महासचिव गंगाचरण मिश्र, शुभम शुक्ला ने अर्पित की। पुष्पांजलि कार्यक्रम के बाद मरीज़ों को फल वितरित किये गये।

यात्री संख्या बढ़ते ही बढ़ने लगी ट्रेनों की प्रतीक्षा सूची

यात्रियों को राहत देने कई ट्रेनों में लगाए जा रहे अतिरिक्त कोच

जबलपुर। ट्रेनों में यात्रियों की संख्या बढ़ते ही लंबी वेटिंग लग गई है। इधर वेटिंग टिकट वाले ट्रेन में सफर नहीं कर सकते, जिससे यात्रियों की परेशानी और बढ़ गई है। ऐसे में रेलवे ने यात्रियों को राहत देते हुए ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाना शुरू कर दिया है। कटनी होकर मुंबई जाने वाली लंबी दूरी की ट्रेनों में इन दिनों ज्यादा लंबी वेटिंग लगी है। इस वजह से जबलपुर रेल मंडल ने जबलपुर से मुंबई के बीच चलने वाली गरीबरथ एक्सप्रेस में अतिरिक्त कोच लगाना शुरू कर दिया है। जबलपुर से मुंबई जाने वाली गरीबरथ में एक तृतीय श्रेणी का कोच लगा जा रहा है। जिससे लगभग 70 से ज्यादा वेटिंग टिकट वाले यात्रियों को कन्फर्म सीट मिल रही है।

मुंबई जाने वाली ट्रेनों में लंबी वेटिंग

इन दिनों लंबी दूरी की ट्रेनों में ज्यादा लंबी वेटिंग लगी है। इसकी वजह न सिर्फयात्रियों की बढ़ती संख्या है बल्कि टिकट दलालों की वजह से भी यह वेटिंग बढ़ती हा रही है। दरअसल लंबी दूरी की ट्रेनों में वेटिंग टिकट वाले यात्रियों को सफर करने की मनाही है, बावजूद इसके वह ट्रेन में सफर कर रहे हैं। इधर टिकट दलाल तत्काल के साथ सामान्य श्रेणी की टिकट खरीद लेते हैं और फ्रि उन्हें महंगे दाम में यात्रियों को बेचते हैं। इधर इन दलालों को पकड़ने के लिए रेलवे की आरपीएफ अभी तक सक्रिय नहीं हुई है, जिससे यात्रियों की परेशानी बढ़ती जा रही है।

रीवा-इतवारी में भी लगाया अतिरिक्त कोच

जबलपुर रेल मंडल ने अपनी सीमा से रवाना होने वाली कई ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाए हैं। इसमें कटनी होकर चलने वाली गाड़ी संख्या 01754 रीवा से इतवारी स्पेशल ट्रेन में आज दो स्लीपर कोच लगाए हैं। इन कोचों की मदद से 140 से ज्यादा वेटिंग टिकट क्लीयर होगी।

फीस बढोत्तरी मामला

स्कूल शिक्षा विभाग सख्त, कलेक्टर- डीईओ करेंगे जांच

जबलपुर, यशभारत। निजी स्कूलों द्वारा फीस को लेकर बनाए जा रहे दबाव को प्रशासन ने अनैतिक माना है। ऐसे मामलों से जुडी शिकायतों पर अब जांच कर कार्रवाई होगी। कई स्कूलों ने कोरोना काल के दौरान भी फीस में वृद्धि कर दी। यही नहीं अभिभावकों से फीस देने के लिए दबाव डाले जाने लगे। इस बात की बढती शिकायतों को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग हरकत में आया है। विभाग तक पहुंची शिकायतों को देखते हुए स्कूल शिक्षा विभाग ने कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया है।

10 फीसद से ज्यादा फीस की शिकायत पर कार्रवाई लोक शिक्षण संचालनालय जयश्री कियावत ने स्पष्ट किया है कि कोई भी अशासकीय विद्यालय द्वारा यदि 10 प्रतिशत से अधिक फीस वृद्धि बिना जिला सक्षम समिति के स्वीकृती लिए बढाने की शिकायत अभिभावकों अथवा अन्य माध्यमों से भी प्राप्त होती है तो जिला स्तरीय फीस विनियमन समिति द्वारा उक्त शिकायतों को संज्ञान में लिया जाए। शिकायतों का निराकरण संदर्भित अधिनियम नियमों के प्रावधान के आधार पर जिला शिक्षा अधिकारी कलेक्टर के द्वारा किया जाए। विदित हो जिले के स्कूलों द्वारा भी फीस में ब?ोत्तरी की गई है जिसे लेकर अभिभावक परेशान हैं। बिना स्वीकृति के नहीं बढाई जा सकती- आदेश में स्पष्ट किया है कि मध्य प्रदेश निजी विद्यालय फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन नियम 2020 में प्रावधान है कि यदि अशासकीय शालाओं द्वारा वर्तमान सत्र में नियत की गई फीस विगत सत्र की तुलना में 10 फीसद से अधिक है तो अधिनियम, नियमों के प्रावधानों के अंतर्गत प्रक्रिया का पालन करते हुए निजी विद्यालयों को जिला स्तरीय विनियमन समिति से स्वीकृति लेना अनिवार्य होगा। प्रदेश के अंतर्गत संचालित समस्त शासकीय हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल समस्त बोर्ड एवं संबद्धता प्राप्त कक्षा 1 से 8 तक मान्यता प्राप्त अशासकीय, सभी बोर्ड के स्कूल शामिल होंगे।

स्कूल बंद फिर भी कक्षाओं की मांग रहे फीस

SCHOOL
FEES

जबलपुर, यशभारत। निजी स्कूलों में फीस को लेकर एक बार फिर से मनमानी शुरू हो गई है। कोरोना संक्रमण की वजह से मई में स्कूलों में संचालित हो रही आनलाइन कक्षाओं को पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया गया था। पूरे एक माह कक्षाएं बंद रहीं। ऐसे में बंद कक्षाओं की फीस भी नहीं लेनी चाहिए थी। लेकिन निजी स्कूलों द्वारा बंद आनलाइन कक्षाओं की भी फीस अभिभावकों से मांगी जा रही है। फीस देने को लेकर अभिभावकों पर मैसेज कर फोन कर दबाव बनाया जा रहा है। यदि अभिभावक विरोध करते हैं तो स्कूल प्रबंधन टका सा जवाब दे देते हैं। एक मई से लगा दी गई थी पांबदी - कोरोना के ब?ते संक्रमण एवं छात्रों की मानसिक स्थिति को देखते हुए प्रदेश सरकार ने 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं को छो?कर अन्य सभी आनलाइन कक्षाओं पर एक मई से रोक लगा दी थी। इस संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय ने कहा था कि वर्तमान में कोविड 19 संक्रमण लगातार फैलने के कारण विद्यार्थियों में भय व तनाव की स्थिति निर्मित हो रही है। इस कारण 10वीं और 12वीं बोर्ड को छो?कर अन्य कक्षाओं की आनलाइन कक्षाएं एक मई से 31 मई 2021 तक के लिए निरस्त की जा रही है। मप्र बोर्ड के अलावा केंद्रीय बोर्ड और आइसीएससी बोर्ड के स्कूलों पर भी लागू होगा।

मांग रहे पूरी फीस

अभिभावक कृपाल सिंह कहते हैं कि उनका बच्चा कक्षा छठवीं में विजय नगर स्थित स्कूल में प?ता है। मई में स्कूल बंद रहे लेकिन इस माह की भी फीस जमा करने के लिए कहा जा रहा है। अभिभावक सुनील सोनी कहते हैं कि उनकी बेटी नौदराब्रिज स्थित मिशनरी स्कूल में कक्षा पांच में पडती है। मई की पूरी फीस ली जा रही है। यदि कुछ बोलो तो स्कूल से निकाल लेने की धमकी दी जाती है। अभिभावक अमितेष गुप्ता कहते हैं कि सदर स्थित स्कूल से रोजाना फोन कर फीस जमा करने के लिए मानसिक दबाव बनाया जा रहा है। शासन को इस दिशा में राहत दी जानी चाहिए।

विद्यार्थियों को पांच जुलाई तक अपलोड करनी होगी अंकसूची

मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) ने बारहवीं के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम तैयार करना शुरू कर दिया है। इसके लिए फार्मूला भी जारी कर दिया है। 12वीं का रिजल्ट दसवीं के सर्वश्रेष्ठ पांच विषयों के विषयवार अंकों के आधार पर तैयार किया जाएगा। वहीं, मंडल ने निर्देश दिए हैं कि परीक्षा परिणाम तैयार करने के लिए दसवीं के बाद अन्य बोर्ड से आए विद्यार्थियों को ऑनलाइन मार्कशीट अपलोड करनी होगी। मंडल ने इसके लिए पांच जुलाई तक का समय दिया है। मंडल से दसवीं पास करने वाले छात्रों का डाटा है, जबकि अन्य बोर्ड से दसवीं की परीक्षा पास करने के बाद माशिमं से ग्यारहवीं में शामिल हुए विद्यार्थियों का डाटा नहीं है। ऐसे विद्यार्थियों के संबंध में मंडल ने कहा कि नियमित विद्यार्थियों की दसवीं की अंकसूची स्कूल प्रबंधन को ऑनलाइन अपलोड करनी होगी, जबकि प्राइवेट विद्यार्थियों को स्वयं जाकर दसवीं की अंकसूची पांच जुलाई तक अपलोड करनी होगी। वहीं, माशिमं ने रिजल्ट से असंतुष्ट विद्यार्थियों के लिए परीक्षा की सुविधा भी दी है। अगर कोई विद्यार्थी अपने प्राप्तांक से असंतुष्ट रहता है तो परीक्षा परिणाम घोषित होने के सात दिन के अंदर परीक्षा में शामिल होने के लिए ऑनलाइन पंजीयन करना अनिवार्य होगा।

12वीं में होगी दसवीं के आधार पर मैपिंग

दसवीं में विज्ञान विषय के आधार पर बारहवीं में सर्वाधिक विषयों में अंक दिए जाएंगे। दसवीं में विज्ञान के नंबरों के आधार पर बारहवीं में फिजिक्स, केमेस्ट्री, बायोलाजी, इंफारमेशन प्रैक्टिसेस, एग्रीकल्चर, होम साइंस, बायो टेक्नालाजी, फिजिकल एजुकेशन, होम मैनेजमेंट, एलीमेंट आफ साइंस समेत अन्य विषय शामिल है। गणित के विषय के आधार पर बारहवीं में गणित व बुक कीपिंग अकाउंटेंसी के नंबर दिए जाएंगे।

टीकाकरण के लिए लगातार पूछताछ कर रहे स्कूली शिक्षक

जबलपुर, यशभारत। स्कूल खोलने की तैयारी की जा रही है जिसके चलते विभिन्न स्कूल के शिक्षक अपने-अपने ग्रुप में टीकाकरण की जानकारी देने के लिए संदेश भेज रहे थे। अभिभावकों के पास लगातार टीकाकरण को लेकर मैसेज भेजे जा रहे हैं। ताकि स्कूलों में यह जानकारी जुटाई जा सके कि बच्चों के घर में रहने वाले सभी सदस्यों का टीकाकरण हुआ है या नहीं। अभिभावक भी इसकी जानकारी दे रहे हैं। जिन लोगों ने टीकाकरण नहीं कराया है उन्हें इसके लिए शिक्षकों द्वारा प्रेरित किया जा रहा है। स्कूल प्रशासन बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए यह प्रयास कर रहा है। टीकाकरण पूरा होने के बाद ही स्कूल खोलने को लेकर कोई निर्णय लिया जा सकता है। स्कूलों को उम्मीद थी कि जुलाई में स्कूल खोले जा सकते हैं, लेकिन मुख्यमंत्री के निर्देश आते ही स्कूलों को खोलने की तैयारियों पर एक बार फिर विराम लग गया है। इन सब के बावजूद शिक्षक टीकाकरण में ज्यादा से ज्यादा सहभागिता के लिए सक्रिय भूमिका रहे हैं।

all have to
being

हर रोज दे रहे टीकाकरण कराने की सूचना

एक ही स्कूल में दो बच्चे प?ते हैं। बच्चों की आनलाइन प?ाई और सूचना के आदान-प्रदान के लिए इंटरनेट मीडिया पर कक्षावार ग्रुप बनाया गया है। इसमें हर दूसरे दिन मैसेज भेजा जाता है कि अभिभावक अपने वैक्सीनेशन की जानकारी लिखकर भेजे। घर में कितने सदस्य है। कितने सदस्यों का टीकाकरण संपूर्ण हो चुका है। कितने सदस्यों को पहला डोज लगा है। इस तरह की जानकारी हर बार भेजना पड रहा है। स्कूल द्वारा लगातार टीकाकरण की पूछताछ की जा रही है और इस पर स्कूल द्वारा आश्वासन भी दिया जा रहा है कि स्कूल में बच्चे की उपस्थिति के लिए घर के सदस्यों का टीकाकरण होना बेहद जरूरी है।

सभी सरकारी मेडिकल कॉलेजों से संबद्ध अस्पतालों को

एनएबीएच प्रमाण पत्र दिलाने की तैयारी

N.S.C.B. MEDICAL COLLEGE JABALPUR

जबलपुर। प्रदेश के सभी 13 सरकारी मेडिकल कॉलेजों से संबद्ध अस्पतालों को नेशनल एक्रीडिटेशन बोर्ड फॉर हॉस्पिटल्स का प्रमाण पत्र दिलाने के लिए प्रयास शुरू किए गए हैं। यह प्रमाण पत्र हासिल करने के लिए अस्पतालों की गुणवत्ता में सुधार करना होगा। साथ ही प्रमाण पत्र मिलने के बाद भी गुणवत्ता बनाए रखना होगा। इसका बड़ा फायदा मरीजों को मिलेगा अस्पतालों में उनका इलाज निर्देशों के अनुसार हो सकेगा। इसके लिए चिकित्सा शिक्षा संचालनालय जल्दी ही क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया को पहले चरण के प्रमाण पत्र के लिए आवेदन करने जा रहा है।प्रदेश के किसी भी सरकारी अस्पताल को अभी यह सर्टिफिकेट नहीं मिला है, जबकि कई निजी अस्पताल एनएबीएच का अंतिम प्रमाण पत्र हासिल कर चुके हैं।

तीन चरणों में मिलता है प्रमाण पत्र

यह प्रमाण पत्र क्वालिटी काउंसिल आफ इंडिया की तरफ से दिया जाता है। पहला चरण एंट्री लेवल का होता है। इसमें अस्पताल में गुणवत्ता के स्तर में मामूली सुधार करने पर ही यह प्रमाण पत्र दे दिया जाता है।इसके बाद दूसरा चरण प्रोग्रेसिव स्तर का होता है। इसमें अस्पताल को कुछ मापदंडों पर खरा उतरना होता है। इस चरण को पूरा करने के बाद अंतिम सर्टिफिकेट दिया जाता है।

इन मापदंडों के लिए दिया जाता है एनएबीएच दर्जा

- अस्पताल में जैव चिकित्सा अपशिष्ट का प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के दिशा निर्देशों के अनुसार निपटान करना।
- अस्पताल में संक्रमण रोकथाम कमेटी बनाकर उसकी नियमित बैठक करना।
- अस्पताल के कर्मचारियों की नियमित ट्रेनिंग।
- तय संख्या में मरीजों से फीडबैक लेना।
- सभी तरह के रिकॉर्ड का संधारण
  अस्पताल में सफाई व्यवस्था।
- मरीजों और उनके स्वजन के बैठने की व्यवस्था।
- अस्पतालों में संकेतक लगाना जिससे मरीजों को आने-जाने में दिक्कत ना हो।
- संक्रमण रोकने के लिए ऑपरेशन थियेटरों से नियमित तौर पर स्वाब के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजना।

हेड कॉन्सटेबिल अवतार सिंह विष्ठ को मिला राष्ट्रपति मैडल

जबलपुर। पुलिस सेवा में अपने कार्य को पूर्ण निष्ठा से निभाकर पूरे विभाग के आंखों के तारे बने सिविल लाइन में पदस्थ हेड कॉन्सटेबिल अवतार सिंह विष्ठ को सराहनीय कार्य करने के लिए राष्ट्रपति मैडल से नवाजा गया है। यह पूरी संस्कारधानी के लिए गौरव की बात है। वर्ष 2019 में पुरुस्कार की घोषणा होने के बाद आज भोपाल में समारोह पूर्वक श्री विष्ट को यह गौरव प्रदान किया गया।

बोवनी के लिए आसमान ताक रहे किसान, 10 जुलाई तक आएगा मानसून

जबलपुर। मानसून की बेरुखी ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। जून माह में मानसून की रुक-रुक कर बरसात हुई है। असामान्य वर्षा के कारण खेत तैयार नहीं किए जा सके हैं। वर्तमान में बारिश का क्रम लगभग थम जाने से किसान बोवानी करने को लेकर हिचक रहे हैं। हालांकि मौसम विज्ञानियों ने 10 जुलाई के बाद मानसून के फिर सक्रिय होने की संभावना जताई है। किसानों को भी सलाह दी है कि वे अभी बोवनी न करें। उधर कृषि विशेषज्ञों ने किसानों से इस बार कम पानी में पनपने वाली फसलें लगाने का सुझाव दिया है। उधर शुक्रवार को मलाजखंड में नौ, मंडला में आठ मिलीमीटर बरसात हुई। ग्वालियर में बूंदाबांदी हुई। शनिवार को ग्वालियर, चंबल, उज्जैन, रीवा, जबलपुर, शहडोल संभाग में कहीं-कहीं बौछारें पड़ने की संभावना है।

मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार सात जुलाई के बाद मानसून के फिर सक्रिय होने की प्रबल संभावना बन रही है। 11-12 जुलाई को बंगाल की खाड़ी में एक कम दबाव का क्षेत्र बनने के संकेत मिले हैं। इसके प्रभाव से जुलाई के दूसरे सप्ताह में प्रदेश में अच्छी बरसात होने की उम्मीद है। किसानों को 10 जुलाई तक बोवनी करने से बचना चाहिए।

चार इंच तक मिट्टी गीली होने पर ही करें बोवनी

असमान्य बारिश हो रही है

बताया जा रहा है कि इस बार अभी तक असामान्य बारिश हो रही है। ऐसी स्थिति में बोवनी करने से किसान को नुकसान होगा। जब तक जमीन चार इंच तक गीली न हो जाए किसान बोवनी करने का जोखिम नहीं लें। सोयाबीन अधिक पानी वाली फसल है। मौजूदा स्थिति को देखते हुए किसानों को सोयाबीन के बजाए मूंग, उड़द, मक्का, ज्वार, तिल्ली की फसल लगाना चाहिए। खेतों में जैविक पद्धति से तैयार की गई खाद का इस्तेमाल कर फसल की लागत भी कम कर सकते हैं।

ग्वालियर, उज्जैन, जबलपुर, शहडोल संभाग में बारिश के आसार

वर्तमान में उत्तर-पश्चिम मप्र पर हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। उसके प्रभाव से शनिवार-रविवार को ग्वालियर, चंबल, उज्जैन, भोपाल, होशंगाबाद, जबलपुर, शहडोल संभाग के जिलों में कहीं-कहीं बारिश होने की संभावना है।

क्यों नहीं हुई अपेक्षित बारिश

मानसून भले ही समय से पहले मप्र में आ गया, लेकिन उसे पर्याप्त ऊर्जा नहीं मिली। इसकी वजह बंगाल की खाड़ी और अरब सागर में कोई प्रभावी सिस्टम का नहीं बनना है। हालांकि इस दौरान अलग-अलग स्थानों पर बने चक्रवातों के कारण रुक-रुक कर बौछारें पड़ती रहीं। उधर मानसून ट्रफ के हिमालय की तराई की तरफ खिसक जाने से बरसात की गतिविधियों में तेजी से कमी आ गई। शुक्ला के मुताबिक सात जुलाई से मानसून के फिर सक्रिय होने के लिए परिस्थितियां अनुकूल होने के आसार हैं।

सेंट्रल लैब करेगी कमाल

रानी दुर्गावती चिकित्सालय में अब 136 टेस्ट होंगे एक साथ

जबलपुर। रानी दुर्गावती चिकित्सालय एल्गिन में आज सेंट्रल लैब की स्थापना की गई है। जिससे अब मरीजों की लैब टेस्टिंग उच्च क्षमता के साथ होगी। इतना ही नहीं शासन की योजना के अनुरुप अब पांच मिनिट में ही एकसाथ करीब 136 टेस्टों का रिजल्ट एकसाथ ही आ जाऐगा। स्वस्थ्य मातृत्व का सपना लिए यहां रोज दर्जनों मरीज आते है, जिनका सपना अब पूर्ण हो सकेगा। जिसका शुभारंभ आज फीता काटकर रीजनल डारेक्टर डॉ. संजय मिश्रा व अन्य चिकित्सकों के द्वारा किया गया। गौरतलब है कि रानी दुर्गावती चिकित्सालय बच्चों की अक्सर किलकारियों से गूंजता है। यहां जिले भर से महिला मरीज अपना इलाज कराने आती है। लेकिन लोड अधिक होने के कारण रानी दुर्गावती चिकित्सालय में सुविधाएं प्रभावित होती थीं।

अब 5 मिनिट में मिलेगी रिपोर्ट

रानी दुर्गावती चिकित्सालय में सेंट्रल लैब की स्थापना होने के बाद अब मरीजों की रिपोर्ट अधिक प्रभावी और जल्द मिलेगी। जिसका सीधा-सीधा फायदा मरीजों के इलाज में मिलेगा। ऐस मरीज जिनकी रिपोर्ट आने में हफ्तों का इंजतार करना पड़ता था, वह अब मात्र पांच मिनिट में ही तैयार मिलेगी। सेंट्रल लैब पूर्ण कम्प्यूटराईज्ड है। जिससे पलक छपकते ही लैब में टेस्टिंग रिपोर्ट आ जाती है।

अब जोखिम होगा कम

एल्गिन में सेंट्रल लैब न होने के कारण रिपोर्ट बिलंब से प्राप्त होती थी। वहीं कुछ अन्य मरीजों को इसके कारण मेडिकल रेफर कर दिया जाता था। लेकिन अब लैब की स्थापना होने के कारण लोड कम हो सकेगा, साथ ही मरीजों का इलाज भी जल्द शुरु कर दिया जाएगा। जिससे अब जोखिम कम होगा।

बाहर से आए दो टेक्रिशियन

डॉ. आरके खरे अधीक्षक एल्गिन अस्पातल ने जानकारी देते हुए बताया कि स्टेट गवर्मेंट ने मशीने हायर की हैं। जिनके उचित प्रबंधन और पूरी क्षमता के साथ कार्य लेने के लिए बाहर से दो टेक्रिशियनों को रखा गया है। साथ में अस्पताल का पूरा स्टाफ रहेगा। जो टेस्टिंग की बारीकियों को समझकर जल्द ही नतीजे मुहैया करवा सकेंगे। राज्य सरकार ने एजेंसी हायर कर यह सुविधा दी है। विक्टोरिया में पहले से ही यह सुविधा मुहैया कराई गई है।

न्यायालय नमःशिवाय अरजरिया पंजीयक लोक न्यास एवं अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग आधारताल जिला जबलपुर
प्र क्र/0002/बी-113/2020-2021
आवेदक

आम सूचना (इश्तहार)

एतद द्वारा आम जनता एवं श्री सुंदरबाई जमनादास मालपाणी धर्मार्थ ट्रस्ट हनुमानताल जबलपुर न्यास तहसील आधारताल व जिला जबलपुर के समस्त न्यासियों एवं हितबद्ध लोगों को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सुंदरबाई जमनादास मालपाणी धर्मार्थ ट्रस्ट हनुमानताल जबलपुर द्वारा नयसीगण श्री सेठ बालकृष्णदास मालपाणी पिता स्व. सेठ जमनादास मालपाणी निवासी हनुमानताल व अन्य 4 द्वारा आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 14 लोक न्यास अधिनियम 1951 सहपठित नियम 9 लोक न्यास अधिनियम 1962 वास्ते लोक न्यास के संबंध सपत्ति के मोजा दिघौरा, तहसील शहपुरा जिला जबलपुर क खसरा नंबर 47/2, 49, 108/2 रकबा, 1.67 हेक्टेयर 1.07 हेक्टेयर 4.95 हेक्टेयर तथा मौजा भीटा तहसील शहपुरा जिला जबलपुर ख ना 60/1 रकबा 3.95 हेक्टेयर कृषि भूमियों को जगन्नाथदास प्रेमवती देवी वेलफेयर सोसायटी जबलपुर को दानपत्र निष्पादित कर दान में दिये जाने की स्वीकृति प्रदान किये जाने प्रस्तुत किया। उपरोक्तानुसार उक्त प्रकरण सुनवाई हेतु पेशी दिनांक 24.7.2021 को नियत है। अतः जिस किसी व्यक्ति या संस्था को उक्त ट्रस्ट में संपत्ति के दानपत्र निष्पादन में किसी को भी कोई आपत्ति एवं दावा पेश करना हो तो नियत तिथि में उपस्थित होकर लिखित में पेश करें। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त कोई दावे एवं आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा एवं मान्य नहीं किया जाएगा। आज दिनांक 24.6.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

पेशी दिनांक 24.7.2021

पंजीयक लोक न्यास एवं
अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग
अधारताल जबलपुर

खरीदारी के लिए शुभ रहेगा जुलाई, माह के 17 दिन मुहूर्त

जबलपुर। जुलाई माह शुरू हो चुका है। यह महीना तीज-त्योहारों व व्रतों के लिए विशेष है। साथ ही खरीदारी व मांगलिक कार्यों के लिए भी शुभ रहेगा। इस माह 17 दिन शुभ हैं। जिसमें खरीदारी व मांगलिक कार्य किए जा सकते हैं। इसके तहत सर्वार्थसिद्धि, रवि पुष्य नक्षत्र, राजयोग, अमृतसिद्धि सहित द्विपुष्कर योग भी शामिल हैं। इस महीने वाहन खरीदारी के साथ ही जमीन, मकान व प्लॉट खरीदारी के लिए भी शुभ दिन रहेंगे। तिथि, वार व नक्षत्रों से मिलकर बनने वाले इन शुभ योगों के दौरान किए गए कामों में सफलता और फायदा मिलता है।

इस महीने 11 जुलाई को रवि पुष्य नक्षत्र, राजयोग और सर्वार्थसिद्धि योग आने से सभी काम विशेष फलदाई रहेंगे। ज्योतिषाचार्य विनोद गौतम के अनुसार इस दिन हर तरह की खरीदारी समृद्धि देने वाली रहेगी। इस योग में सोना, चांदी, आभूषण और इलेक्ट्रॉनिक आइटम खरीदने का विशेष महत्व रहता है। वहीं 30 जुलाई को तीन योग अमृतसिद्धि, सर्वार्थ सिद्धि व रवियोग का संयोग रहेगा।

सर्वार्थसिद्ध योग में हर कार्य होगा सफल

दो, चार, छह, सात, 11, 24, 29 और 30 जुलाई को सर्वार्थसिद्धि योग बन रहा है। ये विशेष संयोग तिथि, वार और नक्षत्रों से मिलकर बनता है। च्योतिष ग्रंथ मुहूर्त चिंतामणि में बताया है कि इस शुभ योग में किया गया हर काम सफल और फायदा देने वाला होता है। ज्योतिष विद्वानों के मुताबिक, इस योग में किसी भी तरह का कॉन्ट्रैक्ट, ज्वेलरी की खरीदी-बिक्री करना चाहिए। जॉब या बिजनेस के खास काम भी इस मुहूर्त में शुरू कर सकते हैं।

दो दिन रहेगा अमृतसिद्धि शुभ संयोग

दो और 30 जुलाई को अमृतसिद्धि शुभ संयोग बन रहा है। इस शुभ योग में किए गए काम लंबे समय तक फायदा देते हैं। अमृतसिद्धि योग में किए गए दान और पूजा-पाठ से अक्षय पुण्य मिलता है। इस योग में मांगलिक काम किए जा सकते हैं। बिजनेस संबंधी समझौता, नौकरी के लिए आवेदन, जमीन, व्हीकल, कीमती धातुओं की खरीदारी और विदेश यात्रा इस शुभ मुहूर्त में करनी चाहिए।

एक बार किए कार्य के फिर से करने के बनते हैं योग

इस महीने द्विपुष्कर शुभ योग सिर्फ एक ही दिन है। 25 जुलाई को ये योग बनेगा। द्विपुष्कर योग वार, तिथि और नक्षत्र से मिलकर बनने वाला ऐसा योग है, जिसमें एक बार किया गया काम फिर से करने के योग बनते हैं। इसलिए इस मुहूर्त में कोई भी शुभ काम, निवेश, बचत, खरीदारी और फायदे वाले लेन-देन करने चाहिए। बस ये सावधानी रखें कि इस योग के दौरान कोई अशुभ या ऐसा काम नहीं करना चाहिए, जिससे नुकसान होने की आशंका हो।

तीन गुना फल देगा त्रिपुष्कर योग

छह जुलाई को त्रिपुष्कर शुभ योग बन रहा है। ये योग द्विपुष्कर की तरह ही होता है। ये शुभ मुहूर्त तीन गुना फल देने वाला होता है। इसलिए इसे त्रिपुष्कर कहा जाता है। क्योंकि, इस योग के दौरान किए गए काम को दो बार और दोहराना प?ता है। इस तरह, उस काम का तीन गुना फायदा मिलता है। इस योग में भी सावधानी रखनी चाहिए कि कोई अशुभ या ऐसा काम नहीं करना चाहिए, जिसमें नुकसान होने की आशंका हो।

पुष्य नक्षत्र में चंद्रमा होने से बन रहा रविपुष्य योग

11 जुलाई, रविवार को पुष्य नक्षत्र में चंद्रमा होने से रविपुष्य योग बनेगा। ज्योतिष के मुहूर्त ग्रंथों के मुताबिक, इसमें हर तरह के काम किए जा सकते हैं। इस को गुरु पुष्य योग जितना ही महत्व दिया गया है। रवि पुष्य योग में औषधियों की खरीदारी या दान करना शुभ होता है। माना जाता है ऐसा करने से सेहत अच्छी रहती है और उम्र भी ब?ती है।

एक महिला सहित 4 आरोपियों को पुलिस ने दबोचा

जबलपुर। अवैध शराब तस्करों पर सीधी कार्रवाई करते हुए थाना बरेला, गढ़ा एवं सिहोरा में एक महिला समेत 4 आरोपियों को 135 लीटर कच्ची शराब एवं 300 पाव देशी शराब के साथ रंगे हाथों पकड़ा गया।

कार्यालय नगर पालिका परिषद पनागर जिला जबलपुर म.प्र
क्रमांक/1277/लेखा/2021-22 पनागर दिनांक 2/07/2021

सूचना

म.प्र नगर पालिका (लेखा एवं वित्त) नियम 2018 के वर्णित प्रावधान अनुसार वर्ष 2020-21 की लेखाओं की संपरीक्षा चार्टड एकाउंटेंटस कराई जाना है एक वर्षीक लिए संपरीक्षा चार्टड एकाउंटेंटस कराई जाने की अधिकतम दर 65000/-(जीएसटी छोड़कर) निर्धारित है।

अतः इच्छुक फर्म 50/- रुपए शुल्क जमा कर निकाय से आवेदन प्राप्त कर सकते है। निर्धारित प्रारूप में आवेदन (प्रस्ताव) दिनांक 13.7.2021 को शाम 4 बजे तक बंद लिफाफे में प्रस्तुत किये जा सकते है। फर्म का चयन शासन द्वारा निर्धारित मापदंड एवं निर्देशों के अधीन किया जावेगा।

आवेदक पत्र के साथ फर्म की पात्रता, योग्यता अनुभव एवं अन्य समस्त जानकारियां प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्य शर्तें कार्यालयीन दिवस व समय पर लेखा शाखा से प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद पनागर



संपादकीय

भीषण गर्मी में 'पावर कट'

समूचा उत्तर भारत भीषण गर्मी की चपेट में है। आलम यह है कि दिल्ली, हरियाणा, पंजाब और राजस्थान के कई इलाकों में पारा 45 डिग्री को छू रहा है। ऐसे में बिजली की खपत भी बेतहाशा बढ़ी है। बिजली की मांग के अनुरूप आपूर्ति न होने के कारण लोगों को इन तपते दिनों में लंबा 'पावर कट' झेलना पड़ रहा है। असल में इस बार पहले कहा जा रहा था कि मानसून समय पर आ जाएगा और उसकी एक झलक जून के शुरुआती दिनों में दिखी भी थी जब 'प्री-मानसून' की बारिश पूर्वांचल से लेकर उत्तर भारत के अनेक इलाकों में हुई और लोगों को लू के थपेड़ों से कुछ राहत मिली। लेकिन धीरे-धीरे आसमान से बादल गायब से हो गये और गर्मी अपना प्रचंड रूप दिखाने लगी, जबकि इस वक्त खेतीबाड़ी के लिए भी बारिश बेहद जरूरी है। मौसम विभाग का अनुमान है कि फिलहाल अगले दो-चार दिनों में बारिश के कोई आसार नहीं हैं। यानी गर्मी का यह प्रचंड रूप यूं ही सताएगा। उधर, एक संभावना यह भी जताई जा रही है कि धूल भरी आंधी, चढ़ते पारे को थोड़ा नीचे लेकर आएगी, लेकिन इससे बहुत ज्यादा राहत के आसार नहीं हैं। मानसून की बेरुखी के चलते रिमझिम फुहारों के इस मौसम में आसमान से आग बरस रही है और गर्मी का प्रचंड रूप देखने को मिल रहा है। भीषण गर्मी के कारण एसी, कूलर दिन-रात चल रहे हैं, जिसके चलते बिजली की मांग में जबरदस्त उछाल आ रहा है। बताया जा रहा है कि पूरे देश में बिजली की मांग अपने उच्चतम स्तर तक पहुंच गयी है। इस वक्त बिजली की मांग कोविड महामारी से पहले के स्तर तक पहुंच गयी है। हालांकि इसका एक अच्छा संकेत यह माना जा रहा है कि उद्योग धंधों के शुरू होने के कारण बिजली की मांग बढ़ी है। उद्योग-धंधों में बिजली की खपत तो ठीक है, लेकिन मौसम की बेरुखी से अभी लोगों को दो-चार होना ही पड़ रहा है। एक तो बारिश नहीं हो रही और ऊपर से भारी 'पावर कट।' इस दोहरी मुसीबत में आम जनता परेशान है। खासतौर पर पंजाब में बिजली का संकट ज्यादा गहराया है। यहां कई घंटों तक बिजली न आने से लोग गुस्से में हैं और जगह-जगह प्रदर्शन कर रहे हैं। पहले एक-दो घंटे का कट लगाया गया, जिसे अब तीन से चार घंटे तक कर दिया गया है। इस पावर कट से परेशान लोग सड़कों पर उतर आये। पंजाब में बिजली की भारी कमी का आलम यह है कि पंजाब स्टेट पावर कारपोरेशन लिमिटेड (पीएसपीसीएल) ने दो दिनों का औद्योगिक साप्ताहिक अवकाश लागू कर दिया है। यानी औद्योगिक इकाइयों को दो दिन काम बंद रखना होगा। यही नहीं, पावरकॉम ने अपील की है, 'प्रदेश के सारे सरकारी विभाग, बोर्ड और कारपोरेशन दो-तीन दिन एसी बंद रखें।' पीएसपीसीएल की ओर से यह भी कहा गया कि दफ्तरों में लोग गैर जरूरी बिजली के उपकरण न चलाएं और जितना संभव हो आगामी तीन दिन तक बिजली बचायें। भीषण गर्मी के दौरान 'पावर कट' के कारण आमजन का गुस्सा फूटने की स्थिति को समझा जा सकता है। सरकार को चाहिए कि इसके लिए तत्काल उपाय करे। वैसे भी इस मौसम में बिजली की मांग बढ़ती ही है, इसलिए पहले से ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए कि बिजली की मांग और आपूर्ति में बहुत ज्यादा अंतर न हो, क्योंकि अंतर जितना बढ़ेगा, आपूर्ति में उतनी ही कटौती करनी पड़ेगी। इसलिए सरकार को बहुत संजीदगी से इंतजाम करना चाहिए। इसके साथ ही जनता की भी जिम्मेदारी है कि बिजली का इस्तेमाल जरूरत के हिसाब से ही करे। कहा भी गया है, 'बिजली है शक्ति, इसे व्यर्थ न गवाएं। जितनी जरूरत हो उतनी ही जलायें।

बनी रहे संवैधानिक पदों की गरिमा

पिछले कुछ वर्षों से पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और राज्यपाल जगदीप धनखड़ के बीच चला आ रहा टकराव अपने चरम की ओर उन्मुख होता प्रतीत हो रहा है। आरोप-प्रत्यारोप का यह सिलसिला इस हद तक जा पहुंचा है कि कदाचार के जैसे गंभीर आरोप भी बाकायदा प्रेस कॉन्फ्रेंस करके लगाये जा रहे हैं। दरअसल पिछले दिनों राज्यपाल जगदीप धनखड़ उत्तर बंगाल के एक सप्ताह के दौरे के बाद जब कलकत्ता लौटे तो उन्होंने दार्जिलिंग के गोरखालैंड टेरीटोरियल एडमिनिस्ट्रेशन यानी जीटीए में व्याप्त भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाये थे। साथ ही उसके खातों की जांच नियंत्रक और महालेखा परीक्षक यानी कैग से कराने की बात कही थी। राज्यपाल के बयान से तमतमायी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में राज्यपाल पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए यहां तक कह दिया कि उनका नाम तीन दशक पुराने बहुचर्चित जैन हवाला कांड के आरोप पत्र में था। वहीं बाद में राजभवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने ममता बनर्जी के इन आरोपों को आधारहीन कहा। दरअसल, पश्चिम बंगाल में राज्यपाल और मुख्यमंत्री के बीच यह टकराव लंबे समय से चला आ रहा है, जिसका चरम पिछले दिनों हुए विधानसभा चुनाव प्रक्रिया के दौरान तथा चुनाव के बाद हुई हिंसा के बाद नजर आया है। ममता आरोप लगाती रही हैं कि राज्यपाल केंद्र के उकसावे पर चुनाव के बाद हुई हिंसा को लेकर बयानबाजी कर रहे हैं। दरअसल, चुनाव के बाद की हिंसा पर एनएचआरसी समिति ने कोलकत्ता उच्च न्यायालय को अपनी रिपोर्ट सौंपी है। ममता बनर्जी लगातार राज्यपाल को वापस बुलाने की मांग करती रही हैं और इस बाबत तीन बार पत्र भी लिख चुकी हैं। तृणमूल कांग्रेस पार्टी में इस बात पर मंथन चल रहा है कि राज्यपाल को कैसे हटाया जा सकता है। उसके सांसद मानसून सत्र में इस मुद्दे को उठाने की बात कह रहे हैं। दरअसल, चुनाव उपरांत हुई हिंसा का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। यह खुद ममता बनर्जी के लिये भी मुश्किल बढ़ाने वाला है क्योंकि गृह मंत्रालय की जिम्मेदारी उनके ही पास है।

निस्संदेह, संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों के व्यवहार में गरिमा व संयम की उम्मीद की जाती है। यूं तो मुख्यमंत्री और राज्यपालों के बीच टकराव की स्थिति नई बात नहीं है। जैसा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने खुद भी कहा है कि किसी भी तरह के विवाद की प्रकृति गैर-राजनीतिक और लोकतांत्रिक होनी चाहिए। ऐसा भी नहीं है कि राज्यपाल धनखड़ और ममता बनर्जी के रिश्ते हमेशा कड़वाहट भरे रहे हों। विगत में राज्यपाल ने त्योहारों पर सद्भावना के रूप में मुख्यमंत्री से मुलाकात की है। लेकिन यहां जरूरी है कि वैचारिक प्रतिबद्धताओं से इतर दोनों को काम के रिश्तों को प्रभावित किये बिना अपने संवैधानिक दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। वहीं भाजपा आरोप लगा रही है कि सत्तारूढ़ पार्टी उन्हें इसलिये निशाना बना रही है क्योंकि वे राज्य में चुनाव परिणाम आने के बाद हुई हिंसा के शिकार लोगों के साथ खड़े रहे हैं। वहीं तृणमूल कांग्रेस के नेता राज्यपाल पर सत्ता के दुरुपयोग, राज्य को बांटने की कोशिश करने तथा संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन के आरोप लगा रहे हैं। कुल मिलाकर टकराव चरम की ओर बढ़ता जा रहा है। ऐसा लगता है कि आने वाले दिनों में राज्य में मुख्यमंत्री और राज्यपाल के बीच टकराव का यह मुद्दा और मुखर होने जा रहा है। आज से राज्य विधानसभा का अधिवेशन शुरू होने जा रहा है। सरकार की ओर से अभिभाषण का मसौदा राज्यपाल को भेज दिया गया है जिस पर राज्यपाल जगदीप धनखड़ का कहना है कि अभिभाषण में लिखी बातों और हकीकत में कोई मेल नहीं है, जो कि आगे विवाद बढ़ने के ही संकेत हैं। टीएमसी के नेता भी राज्यपाल पर भाजपा का प्रवक्ता होने का आरोप लगा रहे हैं। ऐसे में टकराव के फिलहाल टलने के कोई संकेत नजर नहीं आते। एक बात तो तय है कि मुख्यमंत्री व राज्यपाल को न केवल अपने पदों की गरिमा बनाये रखनी होगी, बल्कि वाणी का संयम भी अपरिहार्य है।

श्रमिकों के लिये संवेदनशील पहल

कोविड संकट के दौरान सख्त लॉकडाउन के बाद देशव्यापी श्रमिक पलायन ने हर संवेदनशील व्यक्ति को उद्वेलित किया है। तंत्र की नाकामी से बड़ी संख्या में श्रमिकों को असुरक्षा बोध के चलते अपने गांवों को पलायन करना पड़ा। इन विषम परिस्थितियों में देश की शीर्ष अदालत ने कई मामलों में स्वतरू संज्ञान लेते हुए मार्गदर्शक निर्देश दिये और सरकारों के प्रति सख्त रवैया दिखाया। इसी क्रम में प्रवासी श्रमिकों की दशा सुधारने के लिये दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कड़ा रुख दिखाते हुए सभी राज्यों को 31 जुलाई 2021 तक ष्एक देशए एक राशन कार्डष् योजना को मूर्त रूप देने के निर्देश दिये। इस दौरान प्रवासी श्रमिकों को सूखा राशन वितरित करने की योजना लाने को भी राज्य सरकारों से कहा। साथ ही निर्देश दिये कि जब तक महामारी खत्म नहीं हो जाती तब तक सामुदायिक रसोई चलाने की व्यवस्था करें। अदालत ने सभी असंगठित क्षेत्रों के तथा प्रवासी मजदूरों का पंजीकरण करने को भी कहा है। शीर्ष अदालत ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकारें सभी ठेकदारों को पंजीकृत करके श्रमिकों का पंजीकरण 31 जुलाई तक पूरा कर लें। सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार पर सख्त लहजे में टिप्पणी करते हुए कहा कि श्रम व रोजगार मंत्रालय असंगठित कामगारों के आंकड़े तैयार करने में जैसा लापरवाहीभरा रवैया अपना रहा हैए वह माफी योग्य नहीं है। असंगठित श्रमिक व प्रवासी श्रमिकों की जानकारी एकत्र करने वाले पोर्टल को तैयार करने में हो रही देरी बताती है कि वे प्रवासी श्रमिकों के प्रति संवेदनशील नहीं हैंए जिसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता। दरअसलए लॉकडाउन के कारण प्रवासी श्रमिकों की दशा सुधारने के लिये शीर्ष अदालत समय.समय पर केंद्र व राज्य सरकारों को चेताती रही है। गत 24 मई की सुनवाई के दौरान भी कोर्ट ने केंद्र के रवैये पर नाराजगी जाहिर की थी तथा श्रमिकों की पंजीकरण प्रक्रिया की मौजूदा स्थिति से अवगत कराने को कहा था। वहीं दूसरी ओर न्यायमूर्ति अशोक भूषण और न्यायमूर्ति एमण्आरण् शाह की पीठ ने स्पष्ट किया है कि पीठ किसी राहत पैकेज के तौर पर रुपये देने का आदेश नहीं देगी क्योंकि यह नीतिगत निर्णय है। लेकिन सरकारों को श्रमिकों को मुश्किल वक्त में राहत देने हेतु ठोस पहल करनी चाहिए। सरकार पंजीकरण के काम में तेजी लाये। श्रमिकों को पंजीकरण के लिये प्रेरित किया जाये। सरकार को भी श्रमिकों से संपर्क करने का प्रयास करना चाहिए। निस्संदेह सरकार की तमाम श्रमिक कल्याण योजनाएं तब तक निरर्थक हैं जब तक कि पात्र व्यक्तियों का ठोस विवरण मौजूद न हों। यह भी कि सरकारों की कल्याण योजनाओं का लाभ कहीं ठेकदार व चतुर.चालाक लोग तो नहीं डकार रहे हैं। देश की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लागू होने से जो फर्जी घोटाले उजागर हुए हैंए वैसी ही स्थिति श्रमिकों के मामले में भी सामने आ सकती है। निस्संदेह यह एक कठिन व जटिल प्रक्रिया है लेकिन इस दिशा में ईमानदार पहल तो होनी ही चाहिए। सही मायनो में पंजीकरण की प्रक्रिया सिरे चढ़ने से सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में संसाधनों का जो रिसाव होता रहा हैए उस पर भी ठोस डाटा सामने आने से रोक लग सकेगी। अजीब बात है कि आजादी के सात दशक बाद भी हम अपनी श्रमशील आबादी की ठोस जानकारी नहीं जुटा पाये। वैसे भी अदालत जो अभिभावक की भूमिका निभा रही हैए वह काम तो सरकारों का थाए जिनकी अकर्मण्यता के चलते बार.बार कोर्ट को सरकार के कान उमेठने पड़ते हैं। कोर्ट को सरकारों से पूछना पड़ा था कि जो प्रवासी श्रमिक अपने गांव पहुंचे हैंए उनकी आय अर्जन का जरिया क्या है। साथ ही उन योजनाओं का विवरण देने को भी कहा थाए जिनका लाभ प्रवासी श्रमिक उठा सकते हैं। हकीकत तो यह है कि सरकारें यदि संवेदनशील होती और श्रमिकों में भरोसा जगा पाती तो देश विभाजन के बाद के सबसे बड़े पलायन के दृश्य न उभरते। सुप्रीम कोर्ट की पहल के बाद ष्वन नेशनए वन राशन कार्डष् योजना के सिरे चढ़ने के बाद कम से कम भविष्य में प्रवासी श्रमिकों की ऐसी भगदड़ देखने को तो नहीं मिलेगी।

आपका राशिफल 04 जुलाई

मेष
चू चे चो ला ली लू ले लो आ

कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें। किसी को हानी पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-5-6-8

वृष
इ उ ए ओ वा वी वू वे वो

यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-6-7-8

मिथुन
का की कू घ ङ छ के को हा

शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-2-6-9

कर्क
ही हू हे हो डा डी डू डे डो

मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। इच्छित कार्य सफल होंगें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-6-7-9

सिंह
मा मी मू मे मो टा टी टू टे

कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। यात्रा का परिणाम मिल जाएगा। शुभांक-4-6-7

कन्या
टो पा पी पू ष ण ठ पे पो

अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-4-6-8

तुला
रा री रु रे रो ता ती तू ते

कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-1-5-7

वृश्चिक
तो ना नी नू ने नो य यी यू

अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें। शुभांक-5-6-8

धनु
ये यो भा भी भू धा फा ढा भे

धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। समय पक्ष का बना रहेगा। शुभांक-2-6-8

मकर
भे जा जी खी खू खे खो गा गी

परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार दोस्तों के साथ सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-5-6-9

कुंभ
गू गे गो सा सी सू से सो दा

पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मित्र से मिलन होगा। शुभांक-3-8-9

मीन
दी दू थ झ ञ दे दो चा ची

भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। शुभांक-3-5-6

फिल्म वर्ग पहेली - 5484



ऊपर से नीचे:-

१. दिलीप कुमार, मीना की 'दिल से तुझ को बेदिली है' गीत वाली फिल्म-३
२. १९७१ के भारत-पाक युद्ध की पृष्ठभूमि पर बनी जे.पी. दत्ता की फिल्म-३
३. 'आ पपियाँ झपियाँ पा लें' गीत वाली फिल्म-४
४. 'जीवन से भरी तेरी आँखों' गीत वाली फिल्म-३
८. ऋषि, सनी, मीनाक्षी की 'बिन साजन झूला' गीत वाली फिल्म-३
१०. फिल्म 'खुशी' में फरदीन खान की नायिका कौन है?-३
१२. 'गुस्सा इतना हसीन है तो प्यार कैसा होगा' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'जलते हैं जिसके लिये' गीत वाली फिल्म-३
१५. रेवती की पहली हिंदी फिल्म-२
१६. 'साथिया बिन तेरे' गीत वाली सनी, तब्बू, शिल्पा की फिल्म-३
१७. विश्वजीत, बबीता की 'लाखों हैं यहाँ दिलवाले' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'लंबी जुदाई' गीत वाली फिल्म-२
२२. राजेंद्र, धर्मेन्द्र, माला की 'आज गालो मुस्कुरालो' गीत वाली फिल्म-४
२३. 'तेरा मेरा साथ रहे' गीत वाली फिल्म-४
२४. राजेश खन्ना, श्रीदेवी की 'कह दे जमाने से' गीत वाली फिल्म-४
२८. 'दिलजले' में अजय का नाम?-२
२९. प्रशांत और ऐश्वर्या की 'फूलों से जो खुशबु' गीत वाली फिल्म-२
३०. 'मिलती है झुकती है' गीत वाली आफताब, युक्ता की फिल्म-२

बायें से दायें:-

१. 'चाँद तारे तोड़ लाऊं' गीत वाली शाहरूख, जूही की फिल्म-२,२
३. सैफ, काजोल की 'नीला दुपट्टा पीला सूट' गीत वाली फिल्म-३
५. 'क्या यही प्यार है' गीत वाली संजयदत्त, टीना मुनीम की फिल्म-२
६. संजयदत्त, मनीषा, रवीना की 'ओ गोरी तू चली' गीत वाली फिल्म-२
७. 'चमन में रहके वीराना' गीत वाली दिलीप, निम्मी की फिल्म-३
९. ऋषि, चंकी, नीलम की 'देखा जो हुस्न आपका' गीत वाली फिल्म-३
११. 'कोई नहीं तेरे जैसा' गीत वाली अक्षय, सैफ अली की फिल्म-३
१३. फिल्म 'मिलाप' की नायिका-२
१४. फिल्म 'गोपी किशन' में किस की दोहरी भूमिका थी?-३
१६. ऋषि, जेबा, अश्विनीभावे की 'आजा वे माही' गीत वाली फिल्म-२
१८. फिल्म 'धरती' में राजेंद्र कुमार के साथ नायिका कौन थी?-३
२०. जॉन, बिपाशा की एक फिल्म-२
२१. 'इस टूटे दिल की' गीत वाली अनिल, अक्षय, ऐश्वर्या की फिल्म-२
२३. राजेश, टीना, पद्मिनी की 'जिंदगी प्यार का' गीत वाली फिल्म-३
२५. 'मेघा रे मेघा' गीत वाली अनिल, श्रीदेवी की फिल्म-२
२६. विकास भल्ला, सुमीत सहगल, नीलम की एक फिल्म-२
२७. 'जवानी दीवानी' में नायिका कौन थी-२
२८. फिल्म 'फूल और पत्थर' में धर्मेन्द्र के किरदार का क्या नाम था-२
३१. संजय दत्त, मनीषा की 'हो रब्बा तू ही बचा' गीत वाली फिल्म-४
३२. फिल्म 'स्टम्प्ड' में अली खान के साथ नायिका कौन है-३

फिल्म वर्ग पहेली- 5483



Jagrutidaur.com, Bangalore

प्रेरक प्रसंग

जब अशिक्षित महिला ने बदली गांव की तकदीर

महाराष्ट्र में बीड़ जिले की परभणी तहसील के एक छोटे से गांव डुकरे के उत्थान की कहानी जरा हट के है। विगत 15 वर्षों से यहां की ग्राम पंचायत महिला पंचों के द्वारा संचालित की जा रही है। राजनीति से दूर समाज के लिए ही काम का संकल्प लेने वाले मानव अधिकार अभियान के एक सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता एकनाथ आव्हाड़ का अशिक्षित धर्मपत्नी जीजीबाई उर्फ गयाबाई एकनाथ आव्हाड़ ही पिछले पंद्रह वर्षों से इस गांव की सरपंच है।एकनाथ के सरपंच न बनने के संकल्प की वजह से ही गांववालों ने उनकी पत्नी को गांव का सरपंच चुना। तीन बच्चों की अशिक्षित मां ने परिवार नियोजन के ऑपरेशन के बाद ही पढ़ने का दृढ़ संकल्प लिया और शिक्षित होने के बाद दूसरों को शिक्षित बनाने का फैसला किया। गयाबाई की सरपंची वाले इस गांव में आदर्श शाला भवन, सामान्य सुविधावाला हॉस्पिटल, पक्की सड़कें, जल के लिए घरों में नल की व्यवस्था और बिजली की व्यवस्था है। इस गांव की एक विशेषता यह भी है कि आरक्षण न होने के बावजूद यहां पर सभी महिला पंच समाज के विभिन्न वर्गों का प्रतिनिधित्व करती है।गांव के सभी लोग मिल-जुलकर रहते हैं और सभी त्यौहारों को हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं। साथ ही गांव में किसी एक व्यक्ति के यहां अगर किसी प्रोग्राम का आयोजन किया जाता है तो गांव के सभी लोग उस आयोजन को अपना समझकर शिरकत करते हैं। स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस पर सरपंच ही गांव में झंडावंदन करती है। सरपंच गयाबाई वर्तमान में बीड़ जिला जनपद के जनकल्याण विभाग की अध्यक्ष भी है।

सूडोकु नवताल- 6005

★★★★★ कठिनतम

				5	1	4		
			7				2	
		8						3
	1							8
5				4				9
7							6	
4						7		
	2				6			
		3	9	8				

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6004 का हल

4	7	6	3	5	2	9	1	8
5	9	8	6	7	1	4	3	2
2	3	1	8	9	4	7	6	5
6	8	5	7	3	9	2	4	1
3	2	4	5	1	6	8	7	9
7	1	9	4	2	8	3	5	6
8	4	3	2	6	5	1	9	7
1	5	2	9	4	7	6	8	3
9	6	7	1	8	3	5	2	4

विचार प्रवाह



कोई अच्छा कार्य करो तो उसका श्रेय अपने पास नहीं रखना। उसका श्रेय अपने मां बाप को दे देना, अपने प्रभु, अपने गुरु को दे देना। श्रेय अपने पास रखोगे तो इससे अहंकार पैदा होगा। और कभी कोई काम बिगड़ जाये तो उसकी जिम्मेदारी खुद अपने ऊपर ले लेना। इससे भूल सुधार तो हो ही जाएगी एक बड़े पाप से भी बच जाओगे। लेकिन तुम इतने बेईमान हो कि कुछ भी अच्छा हुआ तो कहते होमेरी वजह से हुआ है और कभी कुछ बुरा हो तो उसके लिए कभी पत्नी को, कभी बच्चों को तो कभी किसी और को जिम्मेदार ठहराते हो। यह कैसी नाइंसाफी है?

■ मुनिश्री तरुणसागर

शब्द पहेली - 7077



बाएँ से दाएँ

1. घूमना-फिरना-4
4. पक्षियों का शोर-4
7. धोखाधड़ी,मक्कारी-5
9. भस्म,खाक-2
11. आज्ञापालक,कर्मचारी-2
12. मगन,लीन-2
13. नेत्रावरण-3
15. त्याग,दक्षिणा-2
16. जीभ,जिव्हा-3
17. मक्खन-3
18. पेड़ का मध्य व मोट भाग-2
19. गर्भ-3
21. निवास,रहना-2
23. भाग्य (अंग्रेजी-2)
24. पानी,नीर-2
25. इच्छा पूर्ति करना-5
29. एक मुस्लिम महीना-4
30. भाग्य,नसीब-4

ऊपर से नीचे

1. अनबन,झगड़ा-4
2. भालू-2
3. परिणाम-2
4. प्याला-2
5. बालों का गुच्छा-2
6. वर,इच्छापूर्ति-4
8. नीरज,जलज-3
10. भयानक-5
11. दयालु-5
13. आश्रय,शरण-3
14. करिश्मा,करतब-3
18. तहखाना-4
20. मगरमच्छ-3
22. शलवार,पायजामा-4
25. आनंद-2
26. झुका हुआ-2
27. पत्र,चिट्ठी-2
28. नासिका,घ्राणेंद्रिय-2

शब्द पहेली -7076 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

शहर की सड़कों पर उमड़ने लगी भीड़

ऐसा लग रहा जैसे लोगों को लॉकडाउन खुलने का ही इंतजार था

एक जून को जनता कर्फ्यू में छूट मिलने के बाद से सड़कों में पहले जैसी दिखी भीड़

कटनी। अप्रैल से मई तक घरों में रहने के बाद से एक जून को जनता कर्फ्यू में छूट मिलने के बाद से सड़कों में पहले जैसी भीड़ दिखने लगी। भीड़ देखकर ऐसा लगा जैसे कुछ हुआ ही नहीं है। दोपहर तक हालात यह हो गए कि कोरोना की नियमों को भी कोई पालन करते नहीं दिखा। दो पहिया वाहन में तीन, ऑटो में चार, पांच सवारियां और कारों में भी नियम के मुताबिक लोग जाते नहीं दिखे। इसके अलावा कई लोग ऐसे भी थे जो वाहनों के पीछे बैठे थे लेकिन मास्क नहीं लगाए थे।

सुबह से खुल रही दुकानें

मंगलवार एक जून की सुबह 6 बजे से ही शहर के लगभग सभी मुख्य इलाकों की दुकानों के शटर खुलना शुरू हो गए थे जबकि नगर निगम आयुक्त का आदेश सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक दुकान खोलने का है। वहीं सुबह से किराना दुकान और सब्जी की दुकानों में भीड़ लगी देखी। पुलिस के वाहन लगातार भ्रमण करते हुए अनाउंसमेंट करते हुए सभी को नियम का पालन करने का निर्देश दे रहे थे। ताकि वह सुरक्षित रहे।

काम की तलाश में मजदूर भी हुए एकत्रित

मजदूर भी काम के लिए सुबह से ही अपने स्थानों में जाकर खड़ हो गए। सुभाष चौक व आजाद चौक में मजदूरों की इतनी भीड़ देखकर पुलिस भी सक्ते में आ गई और वाहन से चलते हुए अनाउंसमेंट कर दूरी बनाकर खड़ होने के लिए निर्देश दिए लेकिन मजदूर जब नहीं माने तो पुलिस ने उन्हें खदेड़ा भी ताकि वह नियमों का पालन करें। वहीं मजदूरों के पास जैसे ही कोई काम देने के लिए जा रहा था तो उसे सभी घेरकर खड़े हो जाते। जिसे देखते हुए पुलिस के वाहन लगातार ऐसे स्थानों में भ्रमण करते रहे। वहीं कटिंग सेलून में भीड़ एकत्रित होने लगी, जिसे पुलिस ने सख्त हिदायद दी है।

कोरोना जागरूकता का नहीं दिख रहा असर

पुलिस ने इतने दिनों तक कोरोना से बचने मास्क लगाने और दूरी बनाएं रखने के लिए लगातार जागरूकता फैलाई लेकिन वह पहले दिन ही खत्म हो गया। हालांकि पुलिस के कुछ वाहन अभी भी सड़कों में घूमते हुए लोगों का जागरूक कर रहे है।

जिन दुकानों में भीड़ थी उन्हें मिली हिदायद

जिन दुकानों में भीड़ अधिक दिखी पुलिस वाहन में ड्यूटी कर रहे कर्मचारियों ने सभी को अनाउंसमेंट करते हुए दुकान का नाम लेकर दुकान संचालक को हिदायद दी कि वह अपनी दुकान में दूरी का पालन करते हुए सामान दें। साथ ही सभी को मास्क लगाने के लिए कहे। यदि दुकान में भीड़ लगी दिखती है तो दुकान संचालक पर कार्रवाई की जाएगी।

कई दुकानों में लाइन का सिस्टम

दुकानों में अधिक भीड़ होने पर दुकान संचालक लाइन लगाकर सामान खरीदने के लिए कह रहे है ताकि किसी को परेशानी नहीं हो और नियमों का भी पालन हो सके। इसके अलावा दुकान मालिकों ने अपनी दुकान के बाहर उचित दूरी के हिसाब से गोल घेरे भी बना दिए है, जिसमें ग्राहक खड़े होकर सामान ले सके।

सड़कों पर जमें ठेले वालों को हटाया

सड़कों में ठेले में सब्जी और फल बेचने वालों को पुलिस ने हिदायद दी कि वह एक स्थान में खड़े होकर अपना व्यापार नहीं करे। एक स्थान में खड़े होने से उनकी ठेले में सब्जी, फल खरीदने वालों की भीड़ लग जाती है, जिससे संक्रमण का खतरा फैलने की आशंका होती है। ठेला व्यापारियों को पुलिस ने अनाउंसमेंट करते हुए कहा कि वह ठेले से मोहल्ले और गलियों में जाकर अपना व्यापार करें और यदि मुख्य सड़क पर करना है तो चलते फिरते व्यापार करें। एक स्थान में खड़े होकर व्यापार नहीं करें।

शराब दुकानों में भी दिखी भीड़

मंगलवार की सुबह शराब की दुकानों में भी भीड़ लगना शुरू हो गई। हालांकि पुलिस की व्यवस्था होने के कारण वह भी नियमों के मुताबिक ही लोग ने दुकान में जाकर शराब खरीद रहे है।

अभी भी जंजीर खींचने से लेट हो रही ट्रेनें

30 दिन में 161 यात्रियों ने खींची चेन

TO STOP TRAIN PULL CHA
ALARM

कटनी। कोरोना काल के दौरान भी लोग ट्रेनों की जंजीर खींचने से पीछे नहीं हटे। जब चाहा, जहां चाहा, जंजीर खींचकर ट्रेन को रोक दिया, जिससे समय पर चलने वाली ट्रेन घंटों लेट हो गई। हालांकि रेलवे ने भी ऐसा करने वालों को पकड़कर उन पर कार्रवाई करने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी। आरपीएफ द्वारा अप्रैल माह में लगभग 161 लोगों को ट्रेन की चेन पुलिंग करते हुए पकड़ा। इन पर आरपीएफ द्वारा कार्रवाई करते हुए इनसे लगभग 40 हजार रुपये का जुर्माना भी वसूल गया। वहीं एक साल के आंकड़े को चौकने वाले हैं । पमरे जोन के जबलपुर, भोपाल और कोटा रेल मंडल में पिछले साल चेन पुलिंग करने वाले 3782 प्रकरण दर्ज किए गए। 22 लाख 33 हजार 604 जुर्माना लगाया है। वहीं इस वित्तिय वर्ष 2020-21 में अवैध रूप से चेन पुलिंग करने वाले के 1265 प्रकरण दर्ज किए गए। जिनसे 8 लाख 15 हजार 944 रुपये का जुर्माना वसूला।

अचरज करने वाले कारण बताते हैं लोग

जबलपुर रेल मंडल से वर्तमान में 66 ट्रेनें गुजर रही हैं। मंडल से गुजरने वाली ट्रेनों में ही चेन पुलिंग के मामले नहीं हुएए बल्कि भोपाल और कोटा रेल मंडल से गुजरने वाली यात्री ट्रेनों में भी यात्रियों और उन्हें छोड़ने आए परिजनों ने भी चेन पुलिंग कर दी। हालांकि चेन पुलिंग करने वालों ने जब इसका कारण पूछा गया तो उनके बहाने सुनकर आरपीएफ और रेलवे कर्मचारियों को भी अचरच लगा। किसी ने कहा कि उसकी ट्रेन छूट रही थी तो किसी ने कहा उसका लगेज नहीं चढ़ पाया था। इस दौरान ने कईयों ने यह तक कह दिया कि उनकी चप्पल नीचे गिर गई तो किसी ने कहा कि वह परिजनों से नहीं मिल सका था।

कार्रवाई से 66 फीसदी आई कमी

चेन पुलिंग करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई करने की वजह से पिछले वर्ष की तुलना में 66 फीसद प्रकरणों में कमी आयी है। दरअसल चेन पुलिंग के आरोपित के खिलाफ आरपीएफकी धारा 141 के तहत बिना किसी उचित कारण के चेन पुलिंग करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। इसके तहत आरोपित को एक वर्ष तक का कारावास या एक हजार रुपये तक का जुर्माना अथवा दोनों दंड का प्रावधान है।

रेलवे ने बढ़ाई स्पेशल ट्रेनों की अवधि

अब 17 जून तक दौड़ेंगी स्पेशल ट्रेनें

कटनी। रेलवे ने उन ट्रेनों की समयावधि बढ़ा दी है जो महाराष्ट्र से जबलपुर-कटनी होकर यूपी-बिहार के बीच चलती हैं। अभी इन्हें 31 मई तक चलाने की स्वीकृति थी लेकिन रेलवे बोर्ड के नए आदेश के बाद अब इन ट्रेनों को 17 जून तक चलाया जाएगा। जानकारी के मुताबिक गाड़ी संख्या 01329/01330 पुणे-गोरखपुर-पुणे स्पेशल ट्रेन को पुणे से 01, 03, 05, 08, 10, 12 एवं 15 जून और गोरखपुर से 03, 07, 10, 12, 14 एवं 17 जून को सात ट्रिप के लिए बड़ा दिया गया है। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01331/01332 पुणे-दानापुर-पुणे स्पेशल ट्रेन को पुणे से 04, 07, 11 एवं 14 और दानापुर से 05, 08, 12 एवं 15 जून को चार ट्रिप के लिए, गाड़ी संख्या 01333/01334 पुणे-दरभंगा-पुणे स्पेशल ट्रेन को पुणे से 03 एवं 10 जून को और दरभंगा से 05 एवं 12 जून को दो ट्रिप के लिए। गाड़ी संख्या 01335/01336 पुणे-भागलपुर-पुणे स्पेशल ट्रेन को पुणे से 06 एवं 13 जून और भागलपुर से 08 एवं 15 जून को दो ट्रिप के लिए। गाड़ी संख्या 01359/01360 सीएसएमटी-गोरखपुर-सीएसएमटी स्पेशल ट्रेन को सीएसएमटी से 02, 04, 06, 07, 09, 11, 13 एवं 14 जून और गोरखपुर से 04, 06, 08, 09, 11, 13, 15 एवं 16 जून को आठ ट्रिप के लिए। गाड़ी संख्या 01361/01362 सीएसएमटी-दानापुर-सीएसएमटी स्पेशल ट्रेन की सीएसएमटी से 03एवं 10 जून और दानापुर से 04 एवं 11 जून को दो ट्रिप के लिए। गाड़ी संख्या 01363/01364 सीएसएमटी-दरभंगा-सीएसएमटी स्पेशल ट्रेन को सीएसएमटी से 01, 08 एवं 15 जून और दरभंगा से 03, 10 एवं 17 जून को तीन ट्रिप के लिए तथा गाड़ी संख्या 01365/01366 सीएसएमटी-छपरा-सीएसएमटी स्पेशल ट्रेन को सीएसएमटी से 05 एवं 12 जून और छपरा से 07 एवं 14 जून को दो ट्रिप के लिए बढ़ा दिया गया है।

SOMNATH
EXPRESS 11464/11466

कटनी होकर सोमनाथ जाने वाली ट्रेन की गति बढ़ाई रेलवे ने

अपने परिवर्तित समय पर चलने लगी सोमनाथ एक्सप्रेस

कटनी। रेलवे इन दिनों कई ट्रेनों की गति बढ़ाकर उनका सफर का समय कम कर रहा है। जबलपुर रेल मंडल ने भी जबलपुर से कटनी होकर सोमनाथ जाने वाली ट्रेन की गति बढ़ाई है, जिसके बाद कई रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के पहुंचने और रवाना होने का समय बदल दिया गया है। सोमवार से जबलपुर से कटनी होकर सोमनाथ जाने वाली ट्रेन अपने परिवर्तित समय पर आने व जाने लगी है। ट्रेन का जबलपुर से संत हिरदाराम के बीच आने वाले रेलवे स्टेशन में ही ठहराव का समय बदला है। बाकी स्टेशनों में पहुंचने के समय में कोई बदलाव नहीं किया गया है। गाड़ी संख्या 01466 जबलपुर-सोमनाथ एक्सप्रेस वाया कटनी मुड़वारा एवं बीना स्पेशल ट्रेन के नए समय के मुताबिक कटनी मुड़वारा आना व जाना शुरू हो गया है।

रीठी बीएमओ का नया फरमान

वैक्सीन नहीं लगवाये तो नहीं मिलेगा उपचार,घंटों मिन्नतें करता रहा बहन का मुलाहजा कराने आया युवक

रीठी। जिले की रीठी तहसील मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रीठी में पदस्थ प्रभारी बीएमओ ने एक पीड़ित युवक को वैक्सीन न लगवाने पर उसकी बहन का उपचार करने से मना कर दिया। पीड़ित युवक बहन के उपचार के लिए घंटो मिन्नतें करता रहा पर स्वास्थ्य विभाग न माना। मामले की जानकारी मीडिया कर्मियो को लगी। मीडिया को देख पीड़िता का तत्काल उपचार शुरू हुआ और बीएमओ मैडम अपनी गाड़ी से कहीं चली गई। वैक्सीन नही लगी तो रीठी अस्पताल मे उपचार नही मिलेगा वाला बीएमओ का फरमान लोगो को सक्ते में डाल दिया है। प्राप्त जानकारी के रीठी थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत मुहांस निवासी 13 वर्षीय मालती यादव पिता किशोरी लाल यादव का पानी भरने के लिए गांव के ही अन्नू कुम्हार व अन्य लोगो से कहासुनी हो गई। बात इतनी बढी की अन्नु कुम्हार व अन्य ने मिलकर छोटी सी 13 वर्षीय मालती को मार दिया। मारपीट की शिकायत मालती के परिजनो ने रीठी थाने में की। रीठी थाना की एक महिला पुलिसकर्मी के साथ घायल मालती का भाई मुकेश यादव जब मुलहायजा व उपचार के लिए अस्पताल पहुंचा तो। डाक्टर ने घायल मालती के भाई मुकेश को वैक्सीन न लगने के कारण उपचार करने से मना कर दिया गया। पीड़ित भाई-बहन घंटों अस्पताल में बैठे रहे पर प्रबंधन नही पसीजा। घंटो इंतजार के बाद घायल बच्ची का इलाज हो पाया। मुकेश ने बताया कि वह कहता रहा कि अभी आधार कार्ड नही लाया है दूसरे दिन आकर वैक्सीन लगवा लेगा लेकिन अस्पताल के डाक्टर नही माने। ग्रामीणों का कहना है कि रीठी अस्पताल मे पदस्थ कुछ अंगदों के तरह जमे सीनियर कर्मचारीयो के इशारे पर प्रतिदिन नये.नये निर्देश जारी होते हैं।

कोरोना कर्फ्यू के दौरान पुलिस के साथ जुटकर कार्य करने वाले 21 वॉलेन्टियर्स को एसपी अवस्थी ने किया सम्मानित

मिशन संबल के तहत बरही थाना क्षेत्र में कुटेश्र माइंस के सहयोग से 200 परिवारों को वितरित किया राशन

कटनी। पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी ने बरही थाना क्षेत्र का विजिट किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस विभाग द्वारा जरुरतमंदों व असहाय लोगों की मदद के लिये प्रारंभ किये गये मिशन संबल के तहत राशन व अन्य खाद्य सामग्री का भी वितरण किया। अपने बरही क्षेत्र के भ्रमण के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री अवस्थी कुटेश्वर पहुंचे। जहां पर उन्होने मिशन संबल के तहत लगभग 200 असहाय एवं जरुरतमंद परिवारों को कुटेश्वर माईंस के सहयोग से राशन का वितरण किया। वहीं श्री अवस्थी ने गैरतलाई में नीम का पौधा भी लगाया। इसके साथ ही एसपी श्री अवस्थी ने बरही थाने का भी विजिट किया। जहां पर उन्होने कोरोना कर्फ्यू के दौरान पुलिस के साथ जुट कर तन्मयता के साथ कार्य करने वाले एनएसएस के 21 वॉलेन्टियर्स को भी सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। श्री अवस्थी ने इन वॉलेन्टिर्स से रुबरु चर्चा कर उनके द्वारा भविष्य को लेकर की गई प्लानिंग की भी जानकारी ली। जिसके बाद एसपी ने वॉलेन्टियर्स का मार्गदर्शन किया। वहीं थाने में पदस्थ पुलिस अमले को भी पुलिस अधीक्षक ने कोरोना कर्फ्यू के दौरान की गई गतिविधियों को लेकर भी उनकी प्रशंसा की। कोरोना से संक्रमित होकर स्वस्थ्य हुई स्टाफहेण्ड कांस्टेबल मीना का भी श्री अवस्थी ने मनोबल बढ़ाया। इस अवसर पर एसडीओपी शिखा सोनी, थाना प्रभारी संदीप अयाची सहित अन्य स्थानीय नागरिक भी उपस्थित रहे।

कोरोना की तीसरी लहर से निपटने की तैयारियों में मिला एसीसी का सहयोग

वेंटिलेटर मशीनें और ऑक्सीजन कन्संट्रेटर्स कलेक्टर को सौंपे

कैमोर। अप्रैल और मई में कहर बरपाने के बाद अब जून में कोरोना संक्रमण की रफ़्तार भले ही शिथिल पड़ गई है पर अभी खतरा पूरी तरह टला नहीं है। कोरोना की तीसरी लहर की आशंका बनी हुई है।कोरोना के आगामी खतरे को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा न केवल चौकसी बरती जा रही बल्कि इससे निपटने की तैय्यारी भी की जा रही।कैमोर स्थित एसीसी उद्योग कोरोना महामारी से निपटने लगातार जिला प्रशासन को सहयोग कर रहा। इसी कड़ी में गत दिवस एसीसी कैमोर के डायरेक्टर प्लांट के आर रेड्डी एवम एसीसी अमहटा प्रोजेक्ट हेड की अगुवाई में वेंटिलेटर एवं ऑक्सीजन कंस्ट्रेटर मशीनें जिला प्रशासन को सौंपी गई। उल्लेखनीय है कि इसके पहले अप्रैल- मई में दो सैकड़ा से भी अधिक ऑक्सीजन सिलेंडर एवम अन्य सामग्री एसीसी की ओर से जिला चिकित्सालय कटनी व विजयराघवगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को प्रदान की जा चुकी है।

कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिये शासन-प्रशासन द्वारा हर स्तर पर कार्य जारी है। भविष्य में आने वाली चुनौतियों से यथोचित निपटा जा सकें, इसके लिये भी जिला प्रशासन द्वारा लगातार तैयारी की जा रही है व जिले में चिकित्सीय संसाधन को बढ़ाने की दिशा में सार्थक प्रयास किये जा रहे है।

इसी कड़ी में एसीसी कैमोर के डॉयरेक्टर प्लांट के.आर. रेड्डी के मार्गदर्शन व अमेहटा प्रोजेक्ट हेड आर. बरनीथरण के सहयोग से एसीसी ट्रस्ट द्वारा जिले में आईसीयू को और एडवांस और सशक्त बनाने के लिये दो वेन्टीलेटर मशीनें जिला प्रशासन को सौंपी गई हैं। एसीसी ट्रस्ट के द्वारा दी गई दोनों ही वेन्टीलेटर मशीन कलेक्टर प्रियंक मिश्रा को एसीसी के हेड एचआर एच. पी. सिंह के साथ अमिताभ राजन और शरद कुमार सिंह के द्वारा कलेक्ट्रेट में सौंपी गई। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत जगदीश चन्द्र गोमेए सीएमएचओ डॉ. प्रदीप मुढिया, सिविल सर्जन डॉ. यशवंत वर्मा भी मौजूद रहे।

इसके साथ ही पुलिस अस्पताल एवं उसमें संचालित कोविड केयर सेंटर हेतु एसीसी ट्रस्ट द्वारा 5 लीटर क्षमता के 5 ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर भी सौंपे गएण् एसीसी ट्रस्ट के द्वारा दी गई ये पांचों मशीने पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी को एसीसी के हेड एचआर एच.पी. संह के साथ सुरक्षा अधिकारी नीरज सिंह, श्रीमती ऐनेट बिश्वास, अमिताभ राजन और शरद कुमार सिंह के द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम में सौंपी गई। वर्तमान परिदृश्य में जनस्वास्थ्य की दिशा मे कंपनी की महत्वपूर्ण सहभागिता हेतु जिला प्रशासन द्वारा आभार जताया गया।

कार्यकर्ताओं ने संकट की घड़ी में दिखाया हौसला और धैर्यः शर्मा

कटनी। संकट की घड़ी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिस धैर्य और हिम्मत का परिचय दिया है वह काबिले तारीफ है। कोविड की दूसरी लहर के दौरान जब हमारे विपक्षी सोशल मीडिया तक सिमट कर रह गए थे और सरकार के कामों की निंदा कर रहे थे, तब भाजपा के कार्यकर्ता सेवा ही संगठन को आत्मसात कर लोगों की सेवा में लगे थे। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने गुरुवार को पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। कटनी प्रवास के दौरान भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने स्थानरीय सर्किट हाउस में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। कोरोना संकट के दौरान कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए सेवा कार्यों की सराहना करते हुए प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कार्यकर्ताओं से आव्हान किया कि वह हर वक्त इसी तरह सेवा के लिए तत्पर रहें। कार्यकर्ता टीकाकरण अभियान में लोगों जागरूकता लाने के साथ उनकी सहायता करें। साथ ही लोगों को कोविड के संभावित खतरे को लेकर भी लगातार सचेत करते रहें।

वर्चुअल बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ने की व्यापारियों के प्रयासों की प्रशंसा

कोविड महामारी के दौरान सबसे ज्यादा प्रभावित होने वाले व्यापारी बन्धुओं ने जिस धैर्य का परिचय दिया और कोविड से लड़ाई में जो योगदान दिया वह अनुकरणीय है। सरकार व्यापारियों की निरन्तर चिंता कर रही है। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने गुरुवार को स्थानीय व्यापारियों की वर्चुअल बैठक में कही। प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री शर्मा ने कहा कि व्यापारी भाइयों को लाकडाउन के दौरान जिस तरह कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है, उससे सरकार भली भांति परिचित है। इसी के चलते प्रदेश में निरन्तर यह कोशिश की जा रही है कि बिना व्यापार प्रभावित हुए कोविड संकट से किस तरह निपटा जाए और इस मुहिम में व्यापारी भाइयों का सहयोग हमेशा ही मिलता रहा है। श्री शर्मा ने कहा कि कोविड संकट से व्यापार में हुए नुकसान को लेकर चिंता जायज है। वर्चुअल बैठक में शहर के कई व्यापारी भाइयों ने अपनी अपनी समस्याएं रखीं, जिस पर प्रदेशाध्यक्ष श्री शर्मा ने इन समस्याओं के निराकरण का भरोसा दिलाया। इस दौरान विभाग संगठन मंत्री शैलेन्द्र बरुआ, विधायक संदीप जायसवाल, प्रणय पांडे प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शशांक श्रीवास्तव, श्रीमती अलका जैन, पीताम्बर टोपनानी आदि उपस्थित थे।

कटनी के वैक्सीनेशन सेंटर में प्रदेश अध्यक्ष ने किया नर्सों का सम्मान

कोरोना संकट के दौरान नर्सों ने जिस सेवा भावना से लोगों की सहायता की है, उनसे भारतीय जनता पार्टी तथा केंद्र और राज्य की सरकारें गौरान्वित हैं। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने गुरुवार को कटनी में नर्सों का सम्मान करते हुए कही। प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा गुरुवार को कटनी के पुराने न्यायालय भवन स्थित कोविड वैक्सीनेशन सेंटर पहुंचे और वहां सेवाएं दे रहीं नर्सों का सम्मान किया। इस अवसर पर श्री शर्मा ने कहा कि नर्स यूं तो हमेशा ही सेवा की मिसाल हैं पर कोविड संकट काल में जब लोग अपने पारिवारिक रिश्ते निभाना भी भूल गए, तब नर्सों ने लोगों की जो सेवा की वह किसी देवदूत से कम नहीं थी। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी इस सेवा भावना के सामने नतमस्तक है। श्री शर्मा ने कहा कि नर्सों ने न सिर्फ कोविड काल में मरीजों की सेवा की बल्कि अब वैक्सीनेशन को लेकर भी वह अपनी अनुकरणीय सेवाएं दे रही हैं। सांसद श्री शर्मा ने यहां सेवाएं दे रहीं नर्सों को पुष्पगुच्छ एवं शाल भेंटकर सम्मानित किया। इस दौरान जिला चिकित्सालय कटनी का स्टाफतथा भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कोरोना काल में डॉक्टर्स ने की निस्वार्थ सेवा और कड़ी मेहनत : विष्णुदत्त शर्मा

कटनी। कोरोना काल में डॉक्टर्स ने लोगों की जान बचाने के लिए लगातार कड़ी मेहनत की। इस वैश्विक संकट के दौर में उन्होंने जो काम किया, वह निस्वार्थ सेवा की मिसाल है। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने गुरुवार को कटनी में डॉक्टर्स डे के अवसर पर आयोजित चिकित्सक सम्मान समारोह में कही। श्री शर्मा ने इस अवसर पर चिकित्सकों का सम्मान भी किया। चिकित्सक सम्मान समारोह में संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि कोविड-19 महामारी सारी दुनिया में एक संकट के तौर पर सामने आई। इस काल में डॉक्टरों ने एक बार फिर निस्वार्थ सेवा की भावना दिखाई और असाधारण कड़ी मेहनत की। अस्पताल आने वाले बड़ी संख्या में सामान्य व कोरोना रोगियों की देखभाल के लिए कई डॉक्टरों को 16-16 घंटों तक अस्पताल में रहकर काम करना पड़ा था। इस दौरान डॉक्टर्स और हेल्थ प्रोफेशनल्स ने लोगों के स्वास्थ्य, भलाई और जीवन की सुरक्षा के लिए अविस्मरणीय योगदान दिया। श्री शर्मा ने कार्यक्रम में महत्त्वपूर्ण सहयोग देने वाले डॉक्टरों का प्रशस्तिपत्र व शाल भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर भाजपा के संभागीय संगठन मंत्री शैलेन्द्र बरुआ, विधायक संदीप जायसवाल, प्रणय पाण्डे, जिला कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी आदि उपस्थित रहे।

शहर के विभिन्न स्थलों में सैनेटाईजेशन अभियान

कटनी। जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशों के परिपालन में कोरोना संक्रमण के प्रसार पर पूर्ण रूप से अंकुश लगानें हेतु निगम के सैनेटाईजेशन अमले द्वारा रोजाना कोरोना विनाशक रथों के माध्यम से सोडियम हाईपोक्क्लोराईड घोल का छिडकाव किया जाकर नगर के विभिन्न स्थलों में सेनीटाईजेशन कार्य किया जा रहा है। सैनेटाईजेशन प्रभारी अभिषेक बघेल ने जानकारी देते हुए बताया कि सैनेटाईजेशन अभियान के तहत पुरैनी स्थित मीराधाम कॉलोनी, राजीव गांधी वार्ड स्थित सत्यनारायण मंदिर के सामनें वाली गली में, रोशन नगर स्थित अरमान पान पैलेस के पास एवं एन.के.जे थाना परिसर में सोडियम हाईपोक्लोराइड के घोल से सैनेटाइजेशन का कार्य किया गया।

अब 7 जुलाई तक रहेगा प्रभावशील

कटनी। जिले में कोरोना संक्रमण की दर में कमी को देखते हुये समय-समय पर कोरोना कर्फ्यू के प्रतिबंधों में शिथिलता के संबंध में आदेश जारी किये गये हैं। इसी क्रम में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी प्रियंक मिश्रा ने जिले में व्यापक लोकहित के दृष्टिकोण से जनसामान्य के स्वास्थ्य एवं लोक शांति बनाये रखने दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत आदेश जारी किया है। इस आदेश में पूर्व में जिला आपदा प्रबंधन समिति की बैठक में लिये निर्णय अनुसार तथा 26 जून को जारी आदेश में उल्लेखित कंडिकाओं व शर्तों को यथावत् रखा गया है। कलेक्टर श्री मिश्रा द्वारा जारी यह आदेश 7 जुलाई तक प्रभावशील रहेगा।

नुक्कड़ नाटक एवं चौपाल का आयोजन

सर्वेक्षण
शिक्षा चौपाल
नगर पालिक निगम कटनी
सुरक्षा चैलेंज

कटनी। कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 की गतिविधियों से आमजनों को अवगत कराकर नगर की सफाई व्यवस्था को सुचारू रखनें में सहयोग प्रदान करनें तथा सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज के तहत सैप्टिक टेंक एवं सीवर की सुरक्षित सफाई करानें की जानकारी से आमजनों को अवगत करानें के उद्देश्य से नगर के विभिन्न वार्डो में रोजाना विभिन्न माध्यमों से जागरूकता गतिविधियों का आयोजन कराया जा रहा है। नोडल अधिकारी स्वच्छ भारत मिशन ने जानकारी देते हुए बताया कि निगम की सहयोगी संस्था द्वारा विगत दिवस चन्द्र शेखर आजाद वार्ड में नुक्कड नाटक एवं वीर सावरकर वार्ड स्थित ओव्हर ब्रिज के नीचे चौपाल का आयोजन किया जाकर सेप्टिक टेंक और सीवर की सुरक्षित सफाई के चार नियमों, नियमित सफाई एवं अनुरक्षण,अधिकतम यंत्रीकरण, निर्धारित नियमों और प्रणाली का पालन एवं सुरक्षा उपकरण की जानकारी से अवगत कराया जाकर सेप्टिक टैंक ओर सीवर का असुरक्षित सफाई होते पाये जानें सूचना टोल फ्री नंबर 14420 पर देनें की अपील की गई। टीम के सदस्यों द्वारा कोरोना महामारी के संक्रमण से बचनें हेतु चेहरे पर मास्क लगानें, आपस में दो गज की दूरी बनाये रखनें तथा अपनें नजदीकी टीकाकरण केन्द्र में पहुंचकर कोविड - 19 महामारी का टीका लगवाकर संक्रमण के विरूद्ध सुरक्षा कवच प्राप्त करनें की अपील की गई।

सफाई व्यवस्था सहित संक्रमण मुक्ति के रोजाना किये जा रहे प्रयास

कटनी। जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में निगम प्रशासन द्वारा कोरोना संक्रमण के प्रसार को दृष्टिगत रखते हुए नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था के प्रयासों सहित रोजना डोर टू डोर कचरे के संग्रहरण का कार्य एवं सैनेटाईजेशन अभियान चलाया जाकर सोडियम हाईपोक्क्लोराईड के घोल से छिडकाव कर नगर को साफएवं संक्रमण मुक्त रखनें के प्रयास किये जा रहे है। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रातःकालीन सफाई व्यवस्था के तहत नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों बाल गंगाधर तिलक वार्ड गली नंबर 2 के सार्वजनिक मार्ग, पन्ना मोड, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड स्थित शंकरगढ पहरूआ, जालपा देवी वार्ड स्थित सेकेन्ड्री प्वाइंट राष्ट्रीय स्कूल मैदान के कचरे का जे.सी.बी मशीन से उठाव का कार्य, मिशन चौक, थाना तिराहा, एम.जी.एम हास्पिटल के मेडिकल वेस्ट के उठाव का कार्य, सिविल लाईन आफीसर्स लाईन के सार्वजनिक मार्ग की सफाई, चौपाटी परिसर में झाडू लगाकर कचरे के उठाव का कार्य, घंटाघर प्वाइंट के कचरे के उठाव, भट्टा मोहल्ला भीमराव चौक से विवेकानंद चौक, शास्त्री चौक, फारेस्टर वार्ड के मु य मार्गो, मदन मोहन चौबे वार्ड इंडियन काफी हाउस के आगे रोड किनारे झाडियों की कटाई, विवेकानंद वार्ड स्थित सुलभ का पलेक्स के पास साफसफाई की जाकर कचरे के उठाव का कार्य किया गया। स्वच्छता निरीक्षक की उपस्थिति में नाला गेंग के स्वच्छता दूतों के माध्यम से नगर की सार्वजनिक नालियों की सफाई कार्य के तहत बस स्टेण्ड के विभिन्न स्थलों, महात्मा गांधी वार्ड स्थित राष्ट्रीय स्कूल के सामनें वाले नाले, बरगवां एल.आई.सी कार्यालय के बाजू स्थित नाले, सी.एल.पी पाठक वार्ड के मु य मार्गो की नालियों की सफाई, कावस जी वार्ड अजीत वंशकार के घर के सामनें स्थित नाली, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड में राणा होटल के पास वाले बडे नाले की सफाई का कार्य कराया जाकर अपशिष्ट को बाहर निकाला गया।

टीकाकरण केन्द्रो में निगम प्रशासन द्वारा आवश्यक व्यवस्थाओं को कराया गया पूर्ण

कटनी। शहरी क्षेत्र में आगामी आदेश तक चिन्हित 17 टीकाकरण केन्द्रों में आयोजित होनें वाले कोविड वैक्सीनेशन (कोविड 19) सत्र में निगम की आवश्यक व्यवस्थओं एवं शत प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ती को दृष्टिगत रखते हुए निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में टीकाकरण केन्द्रों हेतु 10 प्रभारियों एवं 51 सहयोगी कर्मचारियों के दल का गठन किया गया है।

उपायुक्त अशफाक परवेज की मॉनीटरिंग में निगम के गठित दल के प्रभारियों एवं सहयोगी कर्मचारियों द्वारा आज प्रातः सभी टीकाकरण केन्द्रों में निगम से संबंधित आवश्यक साफ सफाई, पेयजल, प्रकाश, फर्नीचर, टेंट, शामियाना आदि की आवश्यक व्यवस्थाओं को विभाग के माध्यम से पूर्ण कराया जाकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्धजन,गणमान्य नागरिक, समाजसेवी, स्थानीय चिकित्सक एवं वार्ड स्तर पर गठित क्रायसिस मैनेजमेंट समिति से समन्वय स्थापित कर आवश्यक सहयोग लेते हुए प्रातः 10 बजे से टीकाकरण का कार्य प्रारंभ कराया गया। टीकाकरण सत्र में नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए कृषि उपज मंडी पहरूआ कटनी, बस स्टेण्ड ऑडिटोरियम कटनी, चांडक हास्पिटल कटनी, सेवा भारती सरस्वती स्कूल, नगर निगम जोन कार्यालय खिरहनी, तिलक कॉलेज कटनी, रेल्वे हॉस्पिटल एन.के.जे एवं रेल्वे स्कूल एन.के.जे कटनी, गुरूनानक स्कूल बरही रोड, पुरानी कचहरी कटनी, श्री हास्पिटल कटनी, रसकला संगीत कॉलेज, ऑर्डिनेंस हास्पिटल कटनी, ए.सी.सी हॉस्पिटल कटनी, झूलेलाल मंदिर माधवनगर कटनी एवं बाबा माधवशाह हास्पिटल माधवनगर तथा सामुदायिक भवन विश्राम बाबा के चिन्हित टीकाकरण केन्द्रों में आवश्यकतानुसार सफाई, पहुंच मार्ग की साफ सफाई एवं चूनें की लाईनिंग, वर्तमान मौसम को दृष्टिगत रखते हुए केन्द्रों में आवश्यकतानुसार कूलर पंखे, टेंट शामियाना आदि की व्यवस्था का कार्य कराया जाकर स्थानीय नागरिकों को टीकाकरण करानें हेतु नजदीकी टीकाकरण केन्द्र पहुंचकर टीकाकरण करानें की अपील की गई।

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ

यश भारत

कलर क्लासीफाइड

☛ 1 दिन - 150/-
☛ 3 दिन - 250/-
☛ 7 दिन - 500/-
☛ 15 दिन - 1200/-
☛ 30 दिन - 1800/-

साईज– 5x1

आवश्यकता, खरीदना–बेचना
अपने व्यापार को बढ़ावा दें

बुकिंग हेतु संपर्क करें
यश भारत
कचहरी चौक, कटनी
फोनः- 07622-230033
Email :- katni@yashbharat.com

लगान में मिली थी किरण, आमिर ने दूसरी पत्नि को भी दिया तलाक!

मुंबई। मुंबई के फिल्म जगत से बड़ी खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि आमिर खान और किरण राव तलाक ले रहे हैं। उन्होंने 28 दिसंबर 2005 को दूसरी शादी की थी। शादी के बाद दोनों ने कई फिल्में साथ मिलकर बनाई थीं। उनके तलाक की खबर से बॉलीवुड में हड़कंप मच गया। बता दें कि उनका एक बेटा भी है, जिसका नाम आजाद राव खान है। आमिर खान ने साल 2002 में अपनी पहली पत्नी रीना दत्ता से तलाक लिया था। उसके बाद किरण राव उनकी जिंदगी में आई थीं।

दोनों ने जारी किया संयुक्त बयान

बता दें कि आमिर और किरण ने अलग होने पर संयुक्त बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि हमारे कारोबारी रिश्ते बने रहेंगे। इसमें अलावा हम बच्चे का पालन पोषण भी साथ मिलकर करेंगे।

लगान में हुई पहली मुलाकात

आमिर खान और किरण राव की पहली मुलाकात लगान फिल्म की शूटिंग के दौरान हुई थी। यह खुलासा खुद आमिर ने एक इंटरव्यू के दौरान किया था। आमिर ने बताया था कि उस वक्त किरण मेरे लिए सिर्फ मेरी टीम की सदस्य थीं। वह बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर फिल्म में काम कर रही थीं। आमिर ने कहा था कि रीना से तलाक के बाद जब मैं पहली बार किरण से मिला, तब हमारी कोई खास बातचीत भी नहीं हुई थी। उस वक्त तो वह मेरी दोस्त भी नहीं थीं।

30 मिनट की कॉल से हुए थे प्रभावित

आमिर खान ने बताया था कि एक बार किरण ने उन्हें फोन किया। यह कॉल करीब 30 मिनट तक चली, जिसके बाद वह किरण को डेट करने लगे। करीब एक-दो साल तक हम ऐसे ही मिलते रहे और उसके बाद शादी करने का फैसला किया। इंटरव्यू के दौरान आमिर ने बताया था कि वह किरण के बिना अपनी जिंदगी के बारे में सोच भी नहीं सकते। हालांकि, अब इन दोनों के तलाक की खबर सामने आ गई है।

आमिर खान और किरण राव का अलग होने का फैसला, बोले- कारोबारी रिश्ते बने रहेंगे, साथ करेंगे बच्चे का पालन-पोषण

स्टार यश ने खरीदा आलीशान बंगला

नई दिल्ली। केजीएफ एक्टर और साउथ सुपरस्टार यश आज किसी पहचान के मोहताज नहीं है। इस फिल्म से ?एक नई पहचान बनाने वाले यश की फैन फॉलोइंग काफी जबरदस्त है। उनके चाहने वाले न सिर्फ साउथ में बल्कि हर जगह मौजूद हैं। यश के फैंस उनकी प्रोफेशनल लाइफ के साथ ही उनकी पर्सनल लाइफ के बारे में भी ज्यादा से ज्यादा जानना चाहते हैं। ऐसे में यश के फैंस के लिए बड़ खुशखबरी हैं। मशूहर केजीएफ स्टार यश ने करोड़ों की कीमत का नया बंगला खरीदा है। जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। दरअशल एक्टर की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। इन तस्वीरों को worldwide_yash_fans नाम के एक फैन पेज पर शेयर किया गया है। इन तस्वीरों में वह अपने पूरे परिवार के साथ पूजा करते दिखाई दे रहे हैं। यश के नए घर की फोटोज़ उनके फैंस को खूब पसंद आ रही हैं। इन तस्वीरों को लाइक करने के साथ ही फैंस एक्टर को उनके नए घर के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं दे रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो यश करीब 50 करोड़ की प्रॉपर्टी के मालिक हैं। वहीं बेंगलुरु में उनके पास एक और चार करोड़ की कीमत का आलीशान बंगला भी है। वहीं अब यश का ये दूसरा घर काफी चर्चा में है। सामने आई तस्वीरों में आप देख सकते है कि यश के साथ उनकी पत्नी राधिका पूजा करती नजर आ रही हैं। वहीं उनके साथ यश के माता-पिता भी दिख रहे हैं। फोटो में आप यश और राधिका के एक बेटी आर्या और एक बेटा यथर्व को भी देख सकते हैं। वहीं घर का इंटीरियर काफी शानदार लग रहा है। यश के वर्कफ्रंट की बात करें तो उन्होंने अपने करियर में करीब 20 फिल्में की। वहीं केजीएफ के बाद यश ने एक अलग ही मुकाम हालिस किया। अब दर्शकों को उनकी केजीएफ 2 का बेसब्री से इंतजार है। यश का असली नाम नवीन कुमार गौड़ा है, पहले वो कन्नड़ टीवी सीरियल्स में काम किया करते थे, यश ने साल 2007 में फिल्म %जम्बडा हूदगी% से डेब्यू किया था।

घरेलू खिलाड़ियों की मैच फीस बढ़ाने की तैयारी

35 को 60 हजार करने का प्रस्ताव

नई दिल्ली। बीसीसीआइ कोरोना से बेहाल घरेलू क्रिकेटरों के लिए खजाना खोलने की तैयारी में है। बीसीसीआइ अध्यक्ष सौरव गांगुली, उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला, सचिव जय शाह और कोषाध्यक्ष अरुण धूमल ने मुंबई में दो दिन तक मैराथन बैठकें कीं और उसमें यह तय किया गया कि घरेलू क्रिकेटर को नई ऊर्जा देने के लिए फीस बढ़ाई जाएगी। बीसीसीआइ पदाधिकारी के अनुसार अभी एक प्रस्ताव आया है जिस पर सहमति मिलने के पूरे आसार हैं। पदाधिकारी ने कहा कि पिछला घरेलू सत्र खराब हो गया। उसके लिए मुआवजा देने पर तो हम लोग काम कर ही रहे हैं। उस पर समिति तय करेगी कि कैसे मुआवजा दिया जाएगा। इसके अलावा हमने 2021-22 सत्र के लिए भी योजना बनाई। इसमें घरेलू क्रिकेट में सीनियर पुरुष टीम (रणजी, विजय हजारे और सैयद मुश्ताक अली ट्राफी) की फीस बढ़ाने का प्रस्ताव आया है। प्रस्ताव में कहा गया है कि जिन खिलाड़ियों ने 20 या उससे ज्यादा मैच खेले हैं, उन्हें अगले सत्र से 35 की जगह 60,000 रुपये प्रति दिन मिलेंगे जबकि 20 से कम मैच खेलने वाले खिलाड़ियों को 45,000 रुपये प्रति दिन मिलेंगे। ऐसा पहली बार होगा जब घरेलू पुरुष टीम के खिलाड़ियों मैच खेलने के आधार पर फीस मिलेगी। उन्होंने कहा कि इससे घरेलू क्रिकेटरों का काफी फायदा होगा। जल्द ही इस प्रस्ताव पर मुहर लगने की संभावना है। अभी पुरुष खिलाड़ियों को प्रति दिन 35,000 रुपये मैच फीस मिलती है। उन्होंने कहा कि जैसे अगले सत्र के टूर्नामेंट शुरू होने से पहले किसी के 18 मैच हैं। तो जैसे ही उसके 20 मैच हो जाते हैं उस खिलाड़ी को 60,000 रुपये प्रति दिन मैच फीस मिलने लगेगी।



विराट कोहली की कप्तानी पर लटक रही तलवार

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली अब तक किसी भी आइसीसी इवेंट को नहीं जीत पाए हैं। हाल ही में टीम इंडिया के वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। बीसीसीआइ के पूर्व जेनरल मैनेजर और दिग्गज विकेटकीपर सबा करीम का मानना है कि अब कोहली की कप्तानी पर तलवार लटक रही है। आइसीसी टी20 विश्व कप में भारतीय कप्तान के लिए बेहद अहम होने वाला है। सबा ने कहा, इस साल के अंत में टी20 विश्व कप का आयोजन होने जा रहा है जो विराट कोहली के कप्तानी करियर के लिए बहुत ही ज्यादा अहम होगा। विराट के उपर कप्तानी का दबाव बढ़ता जा रहा है और वह भी इस चीज को जानते हैं। उनको इस बात का पता है कि वह अब तक कोई भी आइसीसी ट्रॉफी नहीं जीत पाए है। ऐसे में उनका लक्ष्य यही होगा कि भारतीय टीम टी20 विश्व कप का खिताब अपने नाम करे। शिखर धवन टी20 वर्ल्ड कप 2021 की टीम से क्यों हो सकते हैं बाहर, पूर्व भारतीय बल्लेबाज ने बताया अगर भारतीय टीम यह ट्रॉफी जीत लेती है तो मुझे लगता है कि कोहली थोड़ी राहत की सांस लेंगे। हो सकता है वह स्थिति को लेकर विचार करें और फिर फैसला लें कि कब तक टीम की कप्तानी करना चाहते हैं। उनका नाम बड़े कप्तानों में लिया जा रहा है लेकिन वह अब तक आइसीसी के खिताब से दूर हैं। तीनों ही फॉर्मेट में वर्ल्ड चैंपियनशिप का आयोजन किया जाता है, तीनों ही फॉर्मेट में अलग मानसिकता की जरूरत होती है। अलग अलग तरह से साधनों और सोच की जरूरत पड़ती है। इसी वजह से मैं सोचता हूं कि अगर एक ही कप्तान सारे फॉर्मेट में है तो उनसे उम्मीद लगाना भी बहुत ज्यादा हो जाता है। हर एक फॉर्मेट के साथ आपको अलग और फ्रेश आइडिया की जरूरत होती है इसलिए मैं मानता हूं कि अलग अलग कप्तानों के बारे में विचार किया जाना चाहिए।

संबंधों की हत्या करने वाले बहू-ससुर का कर दिया संतोष ने कत्ल

आरोपी संतोष

जबलपुर,यशभारत। शहपुरा के बेलखेडा का क्षेत्र दो हत्याओं से दहल गया। ससुर और बहू ने पवित्र रिश्ते को कलंकित करते हुए अवैध संबंध बनाए जिससे नाराज बेटे ने दोनों की कुल्हाडी से वार कर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद आरोपी बेटे ने चाचा को इसकी जानकारी दी और रक्तरंजित कुल्हाडी लेकर घर के दरवाजे पर बैठा रहा। शुक्रवार देर रात की घटना की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची और उसे गिरफ्तार कर लिया।

बेलखेड़ा थाना क्षेत्र के गोकला हार गांव में शोक का माहौल

घटना के बाद मृतक के घर में लोगों की भीड़

दोनों ने लांघी मर्यादा, इस कारण मार

हिरासत में आए संतोष लोधी ने बताया कि पिता और पत्नी ने मर्यादा लांघ दी, इस कारण दोनों को मार डाला। तीन दिन पहले भी दोनों को उसने आपत्तिजनक हालत में देखा था। पत्नी को समझाया भी था, लेकिन इसके बावजूद शुक्रवार की रात दोनों ने फिर सीमा लांघी। पिता को पत्नी के कमरे से निकलता देख संतोष बौखला गया। पिता कमरे में सोने चले गए। उसने कुल्हाडी उठाई और पिता के गर्दन पर ताबडतोड वार कर मार डाला। इसके बाद पत्नी को भी इसी तरह बेरहमी से गर्दन और सिर पर वार कर मार डाला।

तीन दिन पहले देखा आपत्तिजनक हालत में

बेलखेडा के गोकलाहार गांव निवासी संतोष लोधी 35 वर्ष द्वारा दोहरे हत्याकांड को अंजाम देने की सूचना मिली। जो कि संतोष के चाचा अर्जुन लोधी ने दी थी। बेलखेडा टीआई सुजीत श्रीवास्तव के अनुसार आरोपी ने पुलिस को बताया कि ससुर और बहू के बीच अवैध संबंध थे, तीन दिन पहले दोनों को आपत्तिजनक हालत में पकडा था, दोनों को समझाइस दी लेकिन वे नहीं माने। तब दोनों की हत्या कर दी। हत्या के बाद संतोष कुल्हाडी लेकर घर के दरवाजे पर ही बैठा रहा। जबकि घर के भीतर उसकी पत्नी कविता लोधी 32 वर्ष और पिता अमान सिंह लोधी 65 वर्ष की लाशें पडी थीं।

दो बच्चों के माता पिता हैं

संतोष और कविता का विवाह 15 साल पहले हुआ था, दोनों के 14 साल का बेटा और 12 साल की बेटी है। हत्याकांड के बाद संतोष के चाचा अर्जुन दोनों बच्चों को अपने साथ घर ले गए हैं। शवों का पीएम होने के बाद परिजनों को सौंपा जाएगा।




मौके पर बहू-ससुर का रक्तरंजित शव

यश भारत
PRIME TIME
WITH
ASHISH SHUKLA
शाम 7 बजे
www.facebook.com
http://yashbharat.co.in
youtube

आशीष, लाइफ मेडिसिटी, इन्फिनिटी अस्पतालों ने किया मेडिकल एक्ट का उल्लंघन

रेमडेसिवर इंजेक्शन की कालाबाजारीकी जांच में चौकाने वाले खुलासे

आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक डाक्टर नही बन सकते RMO

लैपटॉप, स्कैनर, प्रिंटर की मदद से बना दिया DOCTOR

जबलपुर, यशभारत। रेमडेसिवर इंजेक्शन की कालाबाजारी को लेकर एसटीएफ के हत्थे कुल 7 आरोपी चढ़े हैं, जिसमें दो फर्जी डॉक्टर भी शामिल हैं। यह फर्जी डॉक्टर रेमडेसिविर की कालाबाजारी में मुख्य खिलाडी थे। इसके साथ ही इनके अन्य सहयोगी इस फर्जीवाड़े के खेल में अपनी-अपनी भूमिका निभाकर, आपदा के समय जीवनदायी इंजेक्शन जरूरतमंदों को ऊंचे दामों में बेचा करते थे। मामले को लेकर पुलिस की जांच अभी जारी है। यश भारत के लोकप्रिय कार्यक्रम प्राइमटाइम विद आशीष शुक्ला में आज हमने इसी महत्वपूर्ण विषय को चुना व जांच के तथ्यों की बारीकियों को समझने के लिए एसटीएफ एसपी नीरज सोनी से चर्चा की

शिकायतों को लेकर शुरू हुई जांच

मामले की शुरुआत के विषय में पूछने पर एसटीएफ एसपी नीरज सोनी ने बताया कि रेमडेसिविर की कालाबाजारी की जांच सबसे पहले इस मामले को लेकर प्राप्त शिकायतों से शुरू हुई और जैसे-जैसे जांच का दायरा आगे बढ़ता गया वैसी वैसी नई जानकारियां सामने आती गयी।

फर्जी डिग्रीधारी आए शिकंजे में

इंजेक्शन की कालाबाजारी को लेकर जब जांच आगे बढ़ी तो जानकारी लगी की आशीष हॉस्पिटल में कार्यरत नीरज साहू वह लाइफ मेडिसिटी में डॉक्टर देवेंद्र ठाकुर कालाबाजारी के इस खेल में मुख्य खिलाड़ी थे। वही जब इनकी डिग्रियों की जांच की तब यह बात सामने आई कि इनकी डिग्री भी फर्जी है।

प्राइम टाइम विद आशीष शुक्ला में एसटीएफ एसपी नीरज सोनी से खास वार्ता

अस्पतालों ने किया मेडिकल एक्ट का उल्लंघन

श्री सोनी ने बताया कि आशीष हॉस्पिटल, लाइफ मेडिसिटी और इंफिनिटी हॉस्पिटल में नीरज साहू, देवेंद्र ठाकुर और नरेंद्र ठाकुर आरएमओ के पद पर कार्य कर रहे थे। वही जब इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रत्नेश कुररिया से चर्चा की, तो उन्होंने बताया कि बीएएमएस बीएचएमएस डिग्रीधारी मेडिकल एक्ट के अनुसार आरएमओ के पद पर कार्य नहीं कर सकते। बावजूद इसके इन हॉस्पिटल्स द्वारा लिखित में इनकी पदस्थापना आर एम ओ रूप में दर्शाई गई है।

सीएमएचओ ने की पुष्टि

यश भारत द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रत्नेश कुररिया से जब यह पूछा गया की बीएएमएस बीएचएमएस डिग्री धारियों को क्या आरएमओ के पद पर पदस्थ कर सकते हैं? तो उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि बीएएमएस बीएचएमएस डिग्री धारियों को आरएमओ के पद पर पदस्थ नहीं किया जा सकता इस पद के लिए केवल एमबीबीएस डिग्री धारी ही पदस्थ किए जा सकते हैं।

डिग्री का नहीं हुआ वेरिफिकेशन

श्री सोनी के अनुसार इस मामले में आशीष हॉस्पिटल, लाइफ मेडिसिटी अस्पताल की बडी लापरवाही भी सामने आई है। एक ओर जहां बीएएमएस, बीएचएमएस डिग्री धारियों को आरएमओ के पद पर सुशोभित कर मेडिकल एक्ट का उल्लंघन किया गया है। वही इन्हें नौकरी में रखने के पूर्व इनकी डिग्री का वेरिफिकेशन भी नहीं किया गया। जो अपने आप में इन अस्पतालों की लापरवाही को दर्शाता है।

ऐसे बनी फर्जी डिग्री

एसटीएफ एसपी श्री सोनी से जब फर्जी डिग्री बनने को लेकर प्रश्न पूछ, तो उन्होंने जानकारी दी कि नीरज साह, देवेंद्र ठाकुर की फर्जी डिग्री सामने आने के बाद थाना ओमती में रेमडेसिविर इंजेक्शन की कालाबाजारी को लेकर दर्ज मामले के आरोपी नरेंद्र ठाकुर को इनके सामने बैठा कर पूछताछ शुरू की तो यह बात पता चला कि नरेंद्र ठाकुर का दमोह निवासी दोस्त रवि पटेल द्वारा उक्त फर्जी डिग्रियां अपने लैपटॉप, प्रिंटर, स्कैनर के माध्यम से बनाई गई थी।

ऐसे प्राप्त करते थे इंजेक्शन

श्री सोनी से जब यह पूछा गया कि आरोपियों को इंजेक्शन कहां से मिलते थे, तो उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि इस मामले में विक्टोरिया अस्पताल में पदस्थ चिकित्सक का ड्राइवर आनंद पटेल मुख्य भूमिका निभाता था। वही आरोपी राहुल विश्वकर्मा, सुधीर सोनी जो मेडिकल अस्पताल में कार्यरत थ, वह मेडिकल से खाली पर्चियां प्राप्त कर स्वयं ही उसमें दस्तखत कर नकली आधार कार्ड लगाकर विक्टोरिया अस्पताल से इंजेक्शन प्राप्त कर लिया करते थे और फिर उसे ऊंचे दामों में बेच दिया करते थे।

18 से 20 हजार में बेचते थे इंजेक्शन

पुलिस जांच में यह बात सामने आई थी आरोपियों द्वारा रेमडेसिविर इंजेक्शन फर्जी तरीके से निकालकर अठारह से बीस हजार की कीमत पर जरूरतमंदों को बेचा करते थे। पुलिस जांच में अभी तक दस से बारह मामले सामने आ चुके हैं, जिसमें इन आरोपियों द्वारा रेमडेसिविर इंजेक्शन को अठारह से बीस हजार में बेचा गया था पुलिस जांच में अभी और भी मामले सामने आने की उम्मीद है।

बारीकी से हो रही जांच

एसटीएफ एसपी नीरज सोनी ने बताया कि इस पूरे मामले की बारीकी से जांच की जा रही है। जिसके पीछे उद्देश्य है की महामारी के समय इस तरह का अनैतिक लाभ लेने वालों को सख्त से सख्त सजा मिले, ताकि भविष्य में आपदा के समय कोई भी व्यक्ति इस तरह कालाबाजारी को अंजाम ना दें। बहरहाल पुलिस की जांच अभी जारी है। वही नए तथ्यों के आने की और उम्मीद है।

नो पार्किंग को लेकर भारी विवाद : मदनमहल रेलवे स्टेण्ड में जमकर चले तलवार-डण्डे

जबलपुर। मदनमहल रेलवे स्टेशन में नो पार्किंग को लेकर देर रात दो पक्षों में जमकर विवाद हो गया। जिसके बाद एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के ऊपर तलवार और डंडो से वार कर घायल कर दिया। आज सुबह दोनों पक्ष थाना मदनमहल पहुंचे, जिसके बाद पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि देर रात रेलवे स्टेशन नंबर एक में कैलाश चक्रवती पहुंचे थे। उनकी घर की दो बालिकाएं गायब थीं, जिन्हें खोजने के लिए वह स्टेशन परिसर में जा रहे थे, तभी वहां स्टेण्ड संचालक सुशील झारिया उम्र 30 वर्ष निवासी आमनपुर ने वाहन नो पार्किंग को लेकर भारी विवाद किया। जिसके बाद दोनों पक्ष आपस में उलझ पड़े और तलवार, डंडे से वार कर दिया। जिसमें स्टेंड संचालक को चोट आई है।

बदहवाश पहुंचे थे स्टेशन, संचालक करने लगे बदतमीजी

पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि पीड़ित कैलाश चक्रवर्ती ने बताया कि उनकी दो नाबालिग बालिकाएं घर से बिना बताएं कहीं चली गयी थीं, जिसके बाद बदहवाश परिजन उन्हें खोजने स्टेशन में पहुंचे ही थे कि तभी स्टेंड संचालक बदतमीजी करने लगे। पीड़ित पक्ष ने समझाने की भरपूर कोशिश की लेकिन इसी बीच विवाद हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है।

स्थापना 1948 73 वर्षों का आपका विश्वास
मंदिर छाप छाता
छाते ही छाते
निर्माता- लक्ष्मी अम्ब्रेला इंडस्ट्रीज
905 जवाहरगंज जबलपुर (मप्र) फो. 0761-2481944
लक्ष्मी एम्पोरियम
905 जवाहरगंज जबलपुर (मप्र)
फो. 0761-2481229
अधिकृत विक्रेता
प्लास्टिक सिल्पोलिन तिरपाल के थोक विक्रेता मो. 9826116661
न्यू लक्ष्मी एम्पोरियम
3/15 सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर (मप्र)फो. 0761-2481262, 2481362

SONY Panasonic INTEX Kurl-on Haier
Godrej SAMSUNG USHA PHILIPS & All Product
शादियों के लिए विशेष पैकेज उपलब्ध
आसान किश्तों पर आसान शर्तों पर
बेटी की शादी का पूरा फर्नीचर सागौन द्वारा निर्मित
मिश्रा फर्नीचर्स एण्ड इन्टरप्राइजेज
सरकारी कुंआ, शीतलामाई रोड, जबलपुर फोन नं. 2626496 मो. 9827235010
फर्नीचर्स वारंटी पर उपलब्ध

ॐ शांति ॐ शांति ॐ शांति ॐ शांति ||जय बाबा मसान|| ॐ शांति ॐ शांति ॐ शांति ॐ शांति
"आपका साथी" एवं सम्पूर्ण समाधान मृत्यु उपरांत
दाह संस्कार पूजन सामग्री
एवं पूजन, पंडित व्यवस्था प्रतिष्ठान
दाह संस्कार से संबंधित सम्पूर्ण सामग्री आपके बताये पते पर भेज दी जावेगी
☎ 9111712445, 8871253911 ☎ 9111712445,7999526101
दाह संस्कार सामग्री | खारी/ तीसरे दिन की पूजन सामाग्री | दशगात पूजन | बारहवीं, तेरहवीं गंगाजली पूजन
दुकान पता: "आपका साथी" बल्देवबाग पेट्रोल पम्प के पास स्मॉल वण्डर स्कूल के सामने, उखरी रोड, जबलपुर

योगमणि इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जामदार हॉस्पिटल जबलपुर
सीमित स्थान
भारतीय नर्सिंग कॉन्सिल व म.प्र. नर्सिंग काउंसिल से मान्यता प्राप्त तथा म.प्र. मेडिकल यूनिवर्सिटी से संबंद्ध
प्रवेश प्रारंभ
नर्सिंग के क्षेत्र में कैरियर बनाने का सुनहरा अवसर
B.Sc. NURSING 4 वर्षीय पाठ्यक्रम
प्रवेश योग्यता - 10+2 जीव विज्ञान से (45% अंकों के साथ)
Post Basic B.Sc. Nursing 2 वर्षीय पाठ्यक्रम
प्रवेश योग्यता - GNM Pass
GNM 3 वर्षीय पाठ्यक्रम
प्रवेश योग्यता - 10+2 किसी भी विषय से (40% अंकों के साथ)
तत्काल रोजगार शासकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल CHC, PHC, AIIMS, Railway, ESIC PGI, जिला अस्पताल, अन्य सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं प्राइवेट अस्पताल में रोजगार की अपार संभावना
उपलब्ध विशेष सुविधाएँ-
- शत् प्रतिशत रिज़ल्ट
- कोर्स पूरा होते ही जॉब
- अपने स्वयं के जामदार अस्पताल, त्रिवेणी हेल्थ केअर, जिला चिकित्सालय, CHC, PHC, शासकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में क्लीनिकल प्रशिक्षण की सुविधा
- उच्च प्रशिक्षित व दक्ष टीचिंग स्टॉफ द्वारा अच्छी टीचिंग सुविधा
- कॉलेज कैम्पस में ही सर्व सुविधायुक्त हॉस्टल
- बस सुविधा
- हिंदी मीडियम के छात्र-छात्राओं के लिए इंग्लिश क्लास की सुविधा
अनुसुचित जाति, अनुसुचित जनजाति व पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं को सरकारी नियमानुसार छात्रवृत्ति की सुविधा
अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क करें।
योगमणि इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
198/2, रैगवा, वार्ड नं. 72, अरिहंत वेयर हाउस के पीछे, पाटन वायपास चौक के पास, जबलपुर
☎ 9926812233, ई-मेल: yogmaniinstituteofnursing@gmail.com
☎ 8989220333, 8989228333, 9340232133

अब नई श्रृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

Pure & Tasty AK's Special Jabalpur
मो. 9827681910
गर्मी के मौसम में स्पेशल सत्तू चने का उपलब्ध है। अब हमारे नये शोरूम गोरखपुर में
अशोक कुमार अजित कुमार
▪गुलाबी चना ▪मुरमुरा
▪बोल्ड चना ▪केला चिप्स
▪बोल्ड पीनट ▪मसाला चना
▪ड्राय मेल ▪चना जौर गर्म
प्रियदर्शनी एवं सेवा केन्द्र मढ़ाताल में उपलब्ध
होम डिलेवरी के लिए अनुभवी लड़कों की जरूरत है

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085।
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)